हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025



**खबर संक्षेप**

## भाजपा प्रदेश महामंत्री डा.नवीन का आगमन आज

**आरंग।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा हाल ही में प्रदेश कार्यकारिणी की नियुक्ति की गई थी, जिसमें



आरंग विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ नवीन मारकंडेय को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। महामंत्री बनने के बाद मार्कंडेय का प्रथम आरंग आगमन 20 सितंबर को दोपहर 3 बजे हो रहा है। वे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर पार्टी द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर सहित विभिन्न कार्यक्रम मे सम्मिलित होंगे। उनके आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत व नागरिक अभिनंदन की रूप रेखा भी तैयार किया गया है। मार्कण्डेय नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए विभिन्न मंदिरों, शिवालयों में पूजा अर्चना करते हुए सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले स्वास्थ्य शिविर बस स्टैंड आरंग में प्रायोजित नागरिक अभिनदंन कार्यक्रम में शामिल होंगे व अंतिम में श्री बाबा बागेश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर स्थानीय विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं के साथ संगनात्मक परिचर्चा करेंगे।

## जिला सांस्कृतिक महोत्सव आज से

**अभनपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर खोरपा मे दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन 20 एवं 21 सितम्बर को पीएम श्री सेजेस मे रखा गया है। प्रधानाचार्य भागवत साहू ने जानकारी देते बताया कि कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू होगे वही अध्यक्षता प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक,विशेष अतिथि मे जपं.अध्यक्ष चंन्द्रिका बंजारे,जिपं.सदस्य अन्नु तारक,उपाध्यक्ष खेलू साहू,ग्राम भारती रायपुर अध्यक्ष पुनाराम वर्मा,अखिल भारतीय साहित्य परिषद प्रांत संयोजक प्रभात मिश्र सहित अन्य अतिथिगण शामिल होगे। महोत्सव मे प्रश्नमंच प्रतियोगिता,गायन,मूर्तिकला सहित 14-15 विधा के कार्यक्रम संपन्न होगे जिसमे 3 दर्जन से अधिक गांवो के बच्चे शामिल होगे।

# कंचन और कावेरी का राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में चयन

**दोनों छात्राओं ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा में किया शानदार प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग की प्रतिभावान शतरंज खिलाड़ी कंचन साहू, कावेरी साहू पिता राजकुमार साहू का चयन राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ।छात्राओं ने पी.एम. श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय जिला मुंगेली में 16 से 19 सितंबर तक आयोजित 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 मे भाग लिया। जिसमें 5 जोन रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर सरगुजा ने भाग लिया। शतरंज खेल में U-14, 17, 19 बालक/बालिका वर्ग मे कुल 125 खिलाडियों ने हिस्सा लिया।जिसमें सृजन स्कूल से से U-19 बालिका वर्ग में कंचन साहू पिता राजकुमार साहू 12वी (गणित) और कावेरी साहू पिता राजकुमार साहू 12वी(गणित) का राष्ट्रीय स्तर नई दिल्ली के लिए चयनित हुए। साथ ही U-19 बालक वर्ग में यशु बंजारे एवं U-17 बालिका वर्ग में प्राची बेलगहे ने




शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। ज्ञात हो कि कंचन साहू, कावेरी साहू ने 3 बार पूर्व में भी होने वाली शालेय राज्य शतरंज खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया था। इसके कुशल शतरंज प्रशिक्षक जितेन्द्र यादव, लक्ष्मी नारायण पटेल रहे है जिनके कारण यह गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई। विद्यालय की प्राचार्य यशोदा योगी ने इस अवसर पर कहा, /"हमारे छात्रों की यह सफलता सृजन विद्यालय आरंग नगर, रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए भी गर्व का विषय है। यह उनके अनुशासन, निरंतर परिश्रम और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। छात्रा की इस उपलब्धि के लिए शाला विकास समिति के संरक्षक लखन लाल सोनकर, अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर, उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, सह सचिव.सतीश सोनकर, उप प्राचार्य भारती वर्मा, प्रधान पाठक सोहागा देवांगन, खेलप्रभारी हंसराज जलक्षत्री ने इनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं की एवं बधाई दी।

### बस स्टैंड में युवकों की बेजा हरकत से भीड़ जमा हो गई और महौल रहा तनावपूर्ण

# गाली-गलौज एवं मारपीट के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

धरसीवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सांकरा में बस स्टैंड के पास सार्वजनिक स्थान पर लोगों के साथ गाली-गलौज और झगड़ा करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह घटना 19 सितंबर 2025 को सुबह करीब 11:40 बजे की है, जब पुलिस को फोन पर सूचना मिली कि दो युवक बस स्टैंड पर आने-जाने वालों से अभद्रता कर रहे हैं, जिससे काफी भीड़ जमा हो गई है और तनाव का माहौल है।

पुलिस के अनुसार जसविंदर सिंह (उम्र 26 वर्ष) और बुधारू घृतलहरे (उम्र 18 वर्ष) लोगों को गालियां दे रहे हैं। पुलिस द्वारा रोकने पर दोनों और अधिक आक्रोशित हो गए और मरने-मारने पर उतारू हो गए।अगर पुलिस समय पर हस्तक्षेप नहीं करती तो कोई बड़ा



अपराध हो सकता था। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों युवकों को गिरफ्तार कर पुलिस सहायता केंद्र सिलतरा लाया गया। पुलिस ने इन पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170/126, 135 (3) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इन्हें अदालत में पेश किया है जंहा उन लोगो को जेल भेज दिए गए।

### *शराब के लिए पैसे न देने पर दोस्त से मारपीट की*

*वही एक अन्य मामले में धरसीवा थाना पुलिस ने एक युवक को अपने दोस्त से शराब के लिए पैसे मांगने और मना करने पर मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह घटना 17 सितंबर 2025 की रात करीब 10:20 बजे की है, जब पीड़ित नीरज श्रीवास अपने दोस्तों के साथ ग्राम सांकरा स्थित जे.के. वीडियो हॉल ऑफिस के पास बैठे थे।इसी दौरान, नशे की हालत में युवराज सिंह (उम्र 22 वर्ष) वहां आया और नीरज से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। जब नीरज ने पैसे देने से मना किया, तो युवराज ने गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। इस दौरान युवराज ने नीरज के दाहिने हाथ के अंगूठे को दांत से काट लिया, जिससे खून बहने लगा। नीरज के दोस्तों ने बीच-बचाव कर झगड़ा छुड़ाया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धारा 119 (1) और 296, बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। जांच के बाद, 19 सितंबर को पुलिस ने आरोपी युवराज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस के सामने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया, जहां से उसे 3 अक्टूबर 2025 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।*

# रेलवे ओवरब्रिज पर मिली लाश, मौत पर कुहासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा रेलवे ओवरब्रिज के नीचे सासाहोली फाटक के पहले रैक प्वाइंट के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था जिसकी बाद में शिनाख्ति की गई, रेलवे ओवरब्रिज के पिलहर के नीचे पिलहर के चौराहे पर वह लेटा पड़ा हुआ था और उसकी मृत्यु हो गई थी, साथ ही सड़क किनारे एक दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 12 BK 4384 भी खड़ी हुई थी। दोपहिया वाहन के सामने नंबर नहीं है और वाइजर पर अंग्रेजी में रिया लिखा है साथ ही कोने ने हिंदी में हिंदू भी लिखा हुआ है। लोगों को इसकी जानकारी हुई और आरपीएफ पपुलिस को जानकारी दी गई आरपीएफ थाना प्रभारी पति राम जानी घटना स्थल



पहुंचे और उन्होंने नेवरा थाना को सूचित किया है। नेवरा थाना से 112 की टीम घटनास्थल पहुंची, और जांच पड़ताल की बाद में उसकी पहचान संतोष रजक पिता दशरु रजक उम्र 36 वर्ष ग्राम मोपका जिला बिलासपुर हाल पता मौली माता मंदिर के पास तिल्दा बस्ती निवासी के रूप में की गई। उसकी मृत्यु कैसे हुई अभी पता नहीं चल पाया है। पीएम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा।

## 13 साल की बच्ची से दुष्कर्म, युवक गिरफ्तार

**आरंग।** आरंग में 13 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने अपने ही बच्चों का देखभाल करने वाली मासूम से दरिंदगी की है। इस मामले में परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने नया बिजली आफिस के पास रहने वाले 28 वर्षीय आरोपी प्रवीण प्रजापति उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार कर लिया है। आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि 13 वर्षीय मासूम पीड़िता आरोपी के घर पर उसके बच्चों का देखभाल करती थी, आरोपी ने किसी बहाने से मासूम बच्ची को आरंग बस स्टैंड के पास ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर आरंग पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी प्रवीण प्रजापति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## नगपुरा में चौसर स्पर्धा आज

**चंदखुरी।** कौशल्या धाम के समीप स्थित ग्राम नगपुरा में जय मां चंडी क्लब द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 20 सितंबर, शनिवार को चौसर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 6001 रुपये जिला पंचायत सदस्य कविता हेमंत कश्यप द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपये जनपद सदस्य रेखा कृपाल यादव द्वारा, तृतीय पुरस्कार 4001 रुपये सरपंच शशांक वर्मा द्वारा, और चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपये देशहा यादव समाज के अध्यक्ष शोभा राम यादव द्वारा प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही सभी विजेता टीमों को जय मां चंडी क्लब द्वारा शील्ड से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रत्येक टीम को 301 रुपये का पंजीयन शुल्क जमा करना होगा। आयोजक समिति कार्यक्रम की तैयारियों में जोर-शोर से जुटी हुई है। यह आयोजन ग्रामवासियों के लिए उत्साह और मनोरंजन का एक शानदार अवसर होगा।

## माहो प्रकोप पर दवाइयों का असर नहीं, किसान परेशान

**आरंग।** आरंग क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों धान की फसलों पर माहू (कीट) का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। किसान लगातार



दवा का छिड़काव कर रहे हैं, लेकिन कीटों पर इसका विशेष असर दिखाई नहीं दे रहा है। किसानों का कहना है कि महंगी दवाइयाँ खरीदने के बावजूद माहू का प्रकोप कम नहीं हो रहा, जिससे उनकी धान की फसल बुरी तरह प्रभावित हो रही है। खेतों में पीली पड़ती पत्तियाँ और सूखते पौधे किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। किसानों ने प्रशासन और कृषि विभाग से मांग की है कि वे तुरंत प्रभावी कदम उठाएँ। विशेषज्ञ दल गाँवों का दौरा करें और किसानों को सटीक दवा व तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराएँ। साथ ही प्रभावित किसानों को राहत प्रदान की जाए ताकि उनकी मेहनत और लागत बचाई जा सके।

## सेवा पखवाड़ा में गिरौद में आज स्वास्थ्य शिविर

**सिलयारी।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 20 सितंबर को ग्राम पंचायत गिरौद में विभिन्न जन-कल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष अभियान में देशभर में सेवा और जनहित से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उप स्वास्थ्य केन्द्र गिरौद प्रातः 10 बजे से शुरू होगी। इसके अलावा ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। रक्तदान शिविर में राजधानी ब्लड बैंक रायपुर की भागीदारी रहेगी। साथ ही यंग छत्तीसगढ़ संस्था रायपुर की ओर से प्रत्येक रक्तदाता को एक हेलमेट एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। बोहरही धाम मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि हरिशंकर वर्मा के प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड, ग्राम पंचायत गिरौद, आयुष अस्पताल अकोली एवं राजधानी ब्लड रायपुर की सहभागिता रहेगी। शिविर में ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जनकल्याणकारी आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

# देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी जगत के प्रथम इंजीनियर : दीवान

**आरंग।** 17 सितंबर बुधवार को पूरे देश में भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती पूरी श्रद्धा व आस्था से मनाया गया। इस अवसर पर विविध धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन रखा गया। इसी तारतम्य में गांधी ग्राम ट्रांसपोर्टरों द्वारा भागवत प्रवक्ता पं छत्रधर दीवान के मार्गदर्शन में छतौना स्थित कार्यालय में देवशिल्पी भगवान श्री विश्वकर्मा जी की भव्य मूर्ति स्थापित कर विधिवत हवन पूजन किया गया। आरंग से सत्यम महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वाहनों का पूजन सम्पन्न कराया। प.



दीवान ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा जी धरती के प्रथम इंजीनियर हैं। जब मगध नरेश जरासंध ने मथुरा पुरी पर लगातार सत्रह बार आक्रमण किया तो योगेश्वर कृष्ण की प्रेरणा से देवशिल्पी विश्वकर्मा भगवान ने समुद्र के अंदर ही द्वारिका एवम सुदामा के लिए सुदामा पूरी का निर्माण किया। भगत यादव, रेवा यादव, चुकेश यादव, दीपक साहू, सुरेश साहू ने बताया कि इस कड़ी में आचार्य श्री के निर्देशन में यज्ञ अनुष्ठान महाआरती पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। 18 सितंबर को पूजा अर्चना पश्चात ससम्मान मूर्ति विसर्जन किया गया।

## विश्वकर्मा जयंती पर मंदिरहसौद में भंडारा

**मंदिर हसौद।** राजधानी के पास स्थित मंदिर हसौद में 17 सितंबर विश्वकर्मा जयंती पर ऑटो सेंटर मंदिर हसौद संघ द्वारा विश्वकर्मा जयंती पर भंडारे का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि मधुबाला बंजारे पार्षद मंदिर हसौद , एच पी सी एल टैंकर चालक परिचालक संघ के अध्यक्ष राहुल सिंह आयोजक समिति के अध्यक्ष कोपेश यादव ,नोहर चेलक उपाध्यक्ष, संजय कोसले सचिव व एच पी सी एल टैंकर चालक परिचालक संघ उपाध्यक्ष, के उपस्थित में भगवान विश्वकर्मा की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। जहां भागवत विश्वकर्मा का पूजा अर्चना कर महा भंडारा की शुभारंभ किया जहां भंडारा 2बजे से शाम 6बजे तक प्रसादी वितप्रसादी वितरण किया गया।

## मोदी के जन्मदिन पर पौधारोपण कर चलाया स्वच्छता अभियान

**तिल्दा नेवरा।** छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के तत्वाधान में तिल्दा नेवरा के समीपस्थ के गांव टोहड़ा, तुलसी(मानपुर) और देवरी के साथ शहर में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 75 वे जन्मदिवस में स्वच्छता, वृक्षारोपण अभियान, के साथ जगतजननी भारतमाता की महाआरती का कार्यक्रम युवा समाजसेवी संदीप वर्मा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के रायपुर संभाग के अध्यक्ष खुबदास वैष्णव, जिला उपाध्याय सुग्रीव साहू,तिल्दा नेवरा के अध्यक्ष उमेश साहू, संयोजक भूपेंद्र देवांगन,प्रधानाचार्य शिशु मंदिर स्कूल देवरी श्रीमति ऐलन वर्मा, शिक्षक डोमार सिंह वर्मा के नेतृत्व में और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती लेमीक्षा गुरु डहरिया,के मुख्यातिथ्य में संपन्न हुआ। प्रातः काल गौरव ग्राम तुलसी मानपुर के श्मशान घाट में 05 नग बड़,पीपल का पौधा रोपकर शुरुआत किया गया। फिर टोहड़ा गांव में 75वे



जन्मदिवस पर 75 नीम,आम, बड़ ,पीपल, बोहार, आदि का पौधा गौटान में रोपे गए साथ ही आसपास गांवों के आस्था का केंद्र चौरासी दाई मंदिर, शनि मंदिर की सफाई कर तिल्दा नेवरा में कोहका महाविद्यालय के पास 12 नग नीम बड़ के पौधे रोपे गए सभी कार्यक्रम के बाद अंत में संध्या कालीन बेला में देवरी गायत्री मंदिर प्रांगण में सरपंच श्रीमती दिव्या राजा वर्मा के अध्यक्षता में अखंड भारत के मानचित्र में भारत माता के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर मां भारती की महाआरती संपन्न हुई।

**न्यायालय पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार ::**

प्रकरण क्रमांक/ 202509111000447/ ब-113(1) वर्ष 2024-25
क्रमांक/1019/अ.वि.अ./पं.सा.न्या./2025
रायपुर दिनांक 19/09/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री पी.एल. विधानी पिता स्व. श्री लेखराज विधानी, अध्यक्ष,** शिव-शक्ति मंदिर एवं परिसर संचालन समिति ट्रस्ट, निवासी ए-17, सेंचुरी कालोनी, डी.डी.यू. नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा **"शिव-शक्ति मंदिर एवं परिसर संचालन समिति ट्रस्ट"** पता सेंचुरी कालोनी, गणेश गार्डन मंदिर परिसर, डी.डी.यू. नगर, रायपुर (छ.ग.) का छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 04 (2) के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई सम्पत्ति को सार्वजनिक न्यास / पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन करानें हेतु आवेदन प्रस्तुत किए है :-

-:: अनुसूची ::

**(पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता और सम्पत्ति का विवरण)**

1 पब्लिक ट्रस्ट का नाम एवं पता- **"शिव-शक्ति मंदिर एवं परिसर संचालन समिति ट्रस्ट"** पता- सेंचुरी कालोनी, गणेश गार्डन मंदिर परिसर, डी.डी.यू. नगर, रायपुर (छ.ग.), 2 चल सम्पत्ति- निरंक, 3 अचल सम्पत्ति- निरंक।

यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त ट्रस्ट अथवा सम्पत्ति में अभिरूचि हो और ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करनें की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियाँ प्रस्तुत करें और पेशी के दिन कार्यालय समय में स्वतः या अपने अधिवक्ता अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होवे। निर्धारित तिथि के पश्चात प्रस्तुत किए गए आक्षेपों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 19/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(नंदकुमार चौबे)
पंजीयक, सार्वजनिक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
रायपुर (छ.ग.)
मुहर

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**


क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025, बिलासपुर, दिनांक 12.09.2025

श्री वैभव श्रीवास्तव आत्मज श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव उम्र 35 वर्ष निवासी रामावैली मकान नंबर आर 8/17, थाना चकरभाठा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं (तलाकशुदा) यामिनी साहू आत्मजा श्री एल.आर. साहू उम्र 35 वर्ष निवासी सुंदर नगर रायपुर मकान नंबर 350 थाना डी.डी. नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 23.10.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



वैभव श्रीवास्तव



यामिनी साहू

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**उदघोषणा**

क्रमांक 9953/रा.शा./ इन्द्रप्रस्थ / वि.प्रा./ 2025 रायपुर, दिनांक 19.09.25

प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ आवासीय योजना रायपुरा फेस-01 के अन्तर्गत श्रीमती सीमा सूर्यवंशी पति श्री संजय सूर्यवंशी को डुप्लेक्स भवन EE-23 रकबा 968 वर्गफुट आबंटित है। आबंटिती श्रीमती सीमा सूर्यवंशी पति श्री संजय सूर्यवंशी द्वारा उक्त डुप्लेक्स भवन दिनांक 04.07.2020 को श्रीमती वर्षा तिवारी पति श्री अमल शर्मा को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की पंजीकृत फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण में नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त डुप्लेक्स भवन का नामांतरण श्रीमती सीमा सूर्यवंशी पति श्री संजय सूर्यवंशी के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाषन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नही होगा।

दिनांक 19.9.25 को जारी ।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर छ.ग.**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सोमेश्वर सिंह पिता ठाकुर सहदेव सिंह, निवास- म.न.ई 22, परशुराम नगर, माईनिंग ऑफिस (सोनाखान के पीछे) पुरेना, रायपुर (छ.ग.) 492001 यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम सोमेश्वर सिंह ठाकुर, पिता सहदेव सिंह ठाकुर रख लिया हूं । अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजो में मेरे नए नाम सोमेश्वर सिंह ठाकुर पिता सहदेव सिंह ठाकुर से ही जाना पहचाना जावे ।

**सोमेश्वर सिंह ठाकुर**
म.न. ई 22, परशुराम नगर,
माईनिंग ऑफिस (सोनाखान के पीछे) पुरेना, रायपुर (छ.ग.)
492001

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# बिहार-मध्यप्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ में एसआईआर जनवरी से, ट्रेनिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में विशेष सघन पुनरीक्षण यानी एसआईआर जनवरी 2026 से होगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने राज्य के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। बिहार और मध्यप्रदेश के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी वोटर लिस्ट के एसआईआर यानी विशेष सघन पुनरीक्षण की तैयारी तेज हो गई है। राज्य के अलग-अलग जिलों में 2003 की मतदाता सूची से 2025 की वोटर लिस्ट का मिलान जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा राज्य के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देश पत्र का उल्लेख किया है। कहा गया कि आयोग द्वारा बिहार राज्य को संबोधित प्रेषित पत्र के संदर्भ में छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 1 जनवरी 2026 से किया जाएगा। इस संबंध में कार्यक्रम भी जारी किया गया है।




### एसआईआर से पहले होगा ये काम

मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण की तैयारी, ऐसे मतदान केंद्र, जिनमें 1200 से अधिक मतदाता संख्या हो, उनके नवीन भवनों की पहचान करना, बीएलओ, सुपरवाइजर के सभी रिक्त पदों की प्रतिपूर्ति की जाएगी। नवीन मतदान केंद्रों के लिए अपेक्षित संख्या में अधिकारी, विशेष रूप से बूथ लेवल अधिकारियों की आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार नियुक्ति होगी। सभी अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन निर्देशों के अनुरूप जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा गया है कि वे अपने जिले में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण सुनिश्चित करेंगे।

### ट्रेनिंग भी शुरू

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची का पुनर्निरीक्षण शुरू हो गया है। साल 2003 की वोटर लिस्ट का साल 2025 की मतदाता सूची से मिलान जारी है। इसके लिए रायपुर के पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में 50 से ज्यादा शिक्षकों को मतदाता सूची के मिलान प्रक्रिया में लगाया गया है। इसमें फर्जी वोटरों की भी पहचान की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आत्मनिर्भर भारत अभियान में होंगे महिला और युवा उद्यमियों के लिए सम्मेलन

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद और आत्मनिर्भर भारत अभियान के राष्ट्रीय सह संयोजक सीपी जोशी ने कहा, आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत विशेषकर महिला और युवा उद्यमियों के लिए सम्मेलन से लेकर अनेक कार्यक्रम तय किए गए हैं। आने वाले तीन महीनों में इन कार्यक्रमों को प्रदेश, जिला और मंडल की टोलियां मूर्तरूप देने का काम करेंगी। श्री जोशी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना को साकार कर देश की आजादी के शताब्दी वर्ष में भारत को विकसित राष्ट्र की कतार में खड़ा करेगा। इस दृष्टि से पं. दीनदयाल उपाध्याय ने जो प्रस्तावना रखी, उसे आत्मसात करने का काम भारत की सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में कर रही है। इस अभियान को जन-जन का अभियान बनाकर इससे देश का हर नागरिक जुड़े, यह हमारा लक्ष्य है। उन्होंने बताया, 25 सितंबर से लेकर 25 दिसंबर तक देशभर में अनेक कार्यक्रम होंगे।



### गुजरात की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी होगा पशुधन-मछली पालन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित "राइजिंग एग्री समिट" में शामिल हुए। उन्होंने आनंद जिले के प्रसिद्ध अमूल प्रोसेसिंग प्लांट के डेयरी प्रबंधन, आधुनिक प्रोसेसिंग तकनीकों और मूल्य संवर्धन की प्रक्रियाओं का अवलोकन भी किया। गुजरात में आयोजित इस समिट में देश-विदेश के विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं के साथ कृषि क्षेत्र की चुनौतियों और संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि गुजरात मॉडल की तर्ज पर ही इस यात्रा से प्राप्त अनुभवों को राज्य की नीतियों और योजनाओं में शामिल कर किसानों और पशुपालकों के लिए नए अवसर सृजित किए जाएंगे।



### सुकमा और बीजापुर में 14 अक्टूबर से सीआरपीएफ की भर्ती

**रायपुर।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में सिपाही/जीडी (पुरुष/महिला) के 300 पदों पर भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के बीजापुर और सुकमा जिलों के आंतरिक/दूरस्थ क्षेत्रों के मूल आदिवासी (पुरुष/महिला) युवाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। 6 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग/आवेदन पत्र प्राप्ति, पंजीकरण और रोल नंबर जारी होगा तथा 21 अक्टूबर से 6 नवंबर तक शारीरिक दक्षता परीक्षा/शारीरिक परीक्षण का आयोजन किया जाएगा। यह रिक्तियां केवल अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए होंगी। अधिक जानकारी के लिए पुलिस महानिरीक्षक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल छत्तीसगढ़ सेक्टर मुख्यालय, डी-2, सेक्टर-17, अटलनगर, नवा रायपुर से संपर्क किया जा सकता है।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी रिफार्म पर भाजपा की कार्यशाला

# मुख्यमंत्री साय बोले- जीएसटी में नए सुधार से सबको मिलेगा लाभ






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शुक्रवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी रिफार्म को लेकर कार्यशाला में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में जीएसटी में जो सुधार किए गए हैं, वह देश के डेढ़ सौ करोड़ लोगों के जीवन में खुशियों की सौगात लेकर आया है। नए सुधार से सभी को लाभ होगा। कार्यशाला में जीएसटी और आत्मनिर्भर भारत को लेकर प्रदेश भर में होने वाले कार्यक्रमों से सभी को अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण, इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने वाले और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। इससे न सिर्फ लोगों की बचत में ऐतिहासिक वृद्धि होगी, बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से अब व्यापारी भी अधिक सुगमता के साथ अपना कार्य कर सकेंगे। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय को टैक्स फ्री किया गया। अब जीएसटी में चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखने, सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर दिया गया है। श्री साय ने कहा, नए सुधार से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा।

### भारत विकसित राष्ट्र की कतार में खड़ा होगा : जोशी

भाजपा सांसद और आत्मनिर्भर भारत अभियान के राष्ट्रीय सह संयोजक सीपी जोशी ने कहा, जीएसटी रिफार्म से देश की जनता को बहुत बड़ी राहत देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। उन्होंने बताया, आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत महिला और युवा उद्यमियों के लिए सम्मेलन से लेकर अनेक कार्यक्रम तय किए गए हैं। आने वाले तीन महीनों में इन कार्यक्रमों को प्रदेश, जिला और मंडल की टोलियां मूर्तरूप देने का काम करेंगी। यह अभियान प्रधानमंत्री श्री मोदी की विकसित भारत की संकल्पना को साकार कर देश की आजादी के शताब्दी वर्ष में भारत को विकसित राष्ट्र की कतार में खड़ा करेगा। इस अभियान को जन-जन का अभियान बनाकर इससे देश का हर नागरिक जुड़े, यह हमारा लक्ष्य है। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी को लेकर भाजपा देशभर में राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश, जिला और मंडल स्तर तक कार्यशालाओं का आयोजन कर रही है।

### छत्तीसगढ़ को भी विकसित करना है : किरण देव

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा कि एक आत्मनिर्भर देश में नागरिक अपने देश के उत्पादों को विशेष महत्व देता है। आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने देश की आर्थिक विकास योजनाओं के संबंध में उपयोग किया और लोकप्रिय बनाया। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को देश में निर्मित वस्तुओं की खरीदी कर पूरा करना है। भारत दुनियाभर में अपनी योग और आयुर्वेद के नाम से जाना जाता है। श्री देव ने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए हमें पहले छत्तीसगढ़ को समृद्ध और विकसित बनाना है।

### जीएसटी के फायदे बताने हैं: यशवंत जैन

अभियान के प्रदेश संयोजक यशवंत जैन ने कहा, जीएसटी में नए सुधारों से नागरिकों का जीवन बेहतर और सरल होगा। इससे समाज के हर वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा। श्री जैन ने कहा, हमें जीएसटी से होने वाले फायदे को लोगों को बताना है। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने किया एवं आभार प्रदर्शन हरपाल सिंह भामरा ने किया।

# ट्रैक सूट खरीदी घोटाला, खेल संचालनालय में जमकर हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर ओलंपियाड में ट्रैक सूट खरीदी में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए यूथ कांग्रेस ने शुक्रवार को जमकर हंगामा किया। पं.रविशंकर शुक्ल विवि के समीप स्थित ऑफिस ऑफ डायरेक्टर स्पोर्ट्स एंड यूथ वेलफेयर में दोपहर एक घंटे तक गहमागहमी रही। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किए गए थे।

■ बस्तर ओलंपियाड में खिलाड़ियों के लिए अधिक दर में ट्रैक सूट खरीदी का आरोप

गौरतलब है कि बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी ने बस्तर ओलंपिक को लेकर बीजेपी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। आरोप है कि खेल विभाग ने जिस ट्रैक सूट को 2499 रूपए प्रति यूनिट की दर से खरीदा, वही ट्रैक सूट कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर 1539 रूपए में उपलब्ध है। अर्थात प्रति यूनिट ट्रैक सूट पर 960 रूपए का अंतर पाया गया।

खेल विभाग ने 4 हजार 900 ट्रैक सूट की खरीदी के लिए 2499 रूपए प्रति यूनिट की दर से कंपनी को 1 करोड़ 22 लाख 45 हजार रूपए का भुगतान किया है। प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। जिला महासचिव दिनेश मिश्र, लक्षित तिवारी, तारिक खान, शुभम दुबे, कुणाल दुबे, संस्कार पांडेय सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### अन्य शिकायतें भी

ना केवल बस्तर ओलंपियाड में बल्कि खेल विभाग के अन्य कार्यों में भी गड़बड़ी का आरोप यूथ कांग्रेस ने लगाया है। प्रदर्शन के दौरान यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कहा, खेल विभाग सफाई कर्मचारी का टेंडर एक व्यक्ति विशेष को ही जारी कर रहा है। इसके अलवा भाजपा के बालोद जिला महामंत्री सौरभ लूनिया के विभागीय कार्यों में हस्तक्षेप और अधिकारियों को निर्देशित करने के आरोप भी लगाए गए। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस से हल्की झड़प के बाद गिरफ्तार किया गया। हालांकि उन्हें शीघ्र ही छोड़ दिया गया। यूथ कांग्रेस ने आरोपों की जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### सभापति-बच्चों ने देखी मोदी की जीवनी पर आधारित फोटो प्रदर्शनी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर टाउनहॉल में आयोजित प्रदर्शनी देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने शुक्रवार को प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान बीपी पुजारी स्कूल राजातालाब के विद्यार्थियों ने भी इस प्रदर्शन को देखा। इस अवसर पर टाउनहॉल में सभापति श्री राठौड़ ने बीपी पुजारी स्कूल के विद्यार्थियों से प्रधानमंत्री की जीवनी पर आधारित प्रश्न पूछे। जिनका सही जवाब देने वाले बच्चों को सभापति ने प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया।

# कांग्रेस बोली- बढ़े बिजली बिल से जनता परेशान, यह प्रायोजित लूट

महंगी बिजली से प्रदेशवासी त्रस्त : शुक्ला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सरकार की प्रायोजित लूट है बढ़ा हुआ बिजली बिल। भाजपा सरकार की मुनाफाखोरी वाली नीति के कारण छत्तीसगढ़ की जनता को महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है।

कांग्रेस की सरकार के समय से वर्तमान भाजपा सरकार के राज में हर उपभोक्ता का औसतन बिजली बिल दुगुना हो गया है। श्री शुक्ला ने कहा, कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हॉफ योजना शुरू की थी, जिसका लाभ प्रदेश के 54 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था, जिसे 5 साल में लगभग प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रुपए तक की बचत हुई है। कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किए गए 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ के दायरे में प्रदेश का लगभग हर उपभोक्ता आता था।

श्री शुक्ला ने कहा, इस माह आए बिजली बिल के कारण जनता परेशान हो गई है। औसतन हर उपभोक्ता का बिजली बिल दुगुना आया है। बिजली बिल ज्यादा आने के तीन कारण हैं, सरकार ने बिजली के दाम बढ़ा दिए, बिजली बिल हॉफ योजना बंद हो गई। स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, जो अनाप-शनाप खपत से अधिक रीडिंग बता रहे, जिससे बिल अधिक आ रहा है।

### एनएचएम कर्मचारियों को धमकी, सरकार का अलोकतांत्रिक चरित्र : बैज



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, एनएचएम कर्मचारियों को बर्खास्तगी की धमकी देना तथा नई भर्ती शुरू करने की घोषणा सरकार का अलोकतांत्रिक चरित्र है। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी में एनएचएम कर्मचारियों से नियमितीकरण का वादा किया था, कर्मचारी उसी गारंटी को पूरा करने की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं तो सरकार उन्हें धमका रही है। अब तो डबल इंजन की सरकार है, केंद्र सरकार ने भी कह दिया है, राज्य सरकार चाहे तो एनएचएम कर्मचारियों को नियमित कर सकती है, फिर सरकार अपना वादा क्यों नहीं निभा रही है? श्री बैज ने कहा, भाजपा एनएचएम कर्मचारियों से धोखा कर रही है। उनकी मांग जायज है, यह एनआरएचएम कर्मचारियों का हक है, सरकार तत्काल उसे पूरा करे और आंदोलन को समाप्त कराए। केंद्र की सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य राज्य सूची का विषय है, राज्य सरकार चाहे तो एनएचएम कर्मचारियों की मांग पर निर्णय ले सकती है, फिर स्वास्थ्य मंत्री का केंद्र को पत्र लिखने का बहाना करना एनएचएम कर्मचारियों के साथ धोखा है।

# पीएम सूर्य घर योजना में अर्जी लगाने पॉवर कंपनी के अधिकारियों कर्मचारियों में ही रुचि नहीं, दस फीसदी के ही आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर एक तरफ जहां आम उपभोक्ता लगातार आवेदन करके अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने का काम कर रहे हैं, वहीं छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों में इसको लेकर कोई रुचि नहीं है।

वैसे भी इनको बिजली बिल में आधी छूट मिल ही जाती है। इनकी हर माह की जितनी खपत होती है, उसमें टैरिफ में आधा पैसा लगता है। यही नहीं रिटायर हो चुके अधिकारियों और कर्मचारियों को भी टैरिफ में 25 फीसदी की छूट मिलती है। पॉवर कंपनी ने अपने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को तीन माह में सोलर पैनल लगाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन अब तक मुश्किल से दस फीसदी के ही आवेदन आए हैं। प्रदेश में करीब 14 हजार अधिकारी और कर्मचारी हैं।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर प्रदेश सरकार बहुत गंभीर है। ऐसे में इस योजना के लिए केंद्र सरकार की सब्सिडी के साथ ही राज्य सरकार ने भी अपनी सब्सिडी जारी की है। ऐसे में अब डबल सब्सिडी के कारण आम उपभोक्ता इसकी तरफ प्रभावित हो रहे हैं। आवेदनों की रफ्तार में पहले से इजाफा हो गया है।



### मुफ्त बिजली का मिल रहा है लाभ

भले आम उपभोक्ताओं को मिलने वाली बिजली बिल हाफ योजना की छूट अब सौ यूनिट से ज्यादा खपत करने वाले उपभोक्ताओं को नहीं मिल रही है, लेकिन पॉवर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को तो पूरी खपत पर छूट मिलती है। अगर किसी अधिकारी की खपत हजार यूनिट भी होती है तो उसको पांच सौ यूनिट के ऊर्जा प्रभार के ही पैसे लगते हैं। लेकिन टैक्स में कोई छूट नहीं मिलती है। इनको अपनी खपत का आधा पैसा ही देना पड़ता है।

### दो हजार से भी कम आवेदन

प्रदेश सरकार ने जब अगस्त से बिजली बिल हाफ योजना का दायरा कम करके इसमें मिलने वाली छूट को चार सौ यूनिट से घटाकर सौ यूनिट किया और पूरा फोकस पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली की तरफ लगाया तो छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों से भी अपने घरों में हर हाल में तीन माह में सोलर पैनल लगाने का फरमान जारी किया गया। इस फरमान का असर ज्यादा नजर नहीं आ रहा है। पीएम सूर्य घर योजना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि पॉवर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों का अलग से डाटा निकाल पाना उतना आसान नहीं है, क्योंकि सभी के आवेदन एक ही पोर्टल में किए जा रहे हैं। इसके लिए पूरे प्रदेश भर से जानकारी मंगानी पड़ेगी। अब तक ऐसी कोई जानकारी नहीं आई है। लेकिन प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक दो हजार से भी कम आवेदन पॉवर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों के आए हैं।


**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**


**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025, बिलासपुर, दिनांक 12.09.2025

श्री वैभव श्रीवास्तव आत्मज श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव उम्र 35 वर्ष निवासी रामावैली मकान नंबर आर 8/17, थाना चकरभाठा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं (तलाकशुदा) यामिनी साहू आत्मजा श्री एल.आर. साहू उम्र 35 वर्ष निवासी सुंदर नगर रायपुर मकान नंबर 350 थाना डी.डी. नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 23.10.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


वैभव श्रीवास्तव


यामिनी साहू

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार ::**

प्रकरण क्रमांक/ 202509111000447/ ब-113(1) वर्ष 2024-25
क्रमांक/1019/अ.वि.अ./पं.सा.न्या./2025
रायपुर दिनांक 19/09/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री पी.एल. विधानी पिता स्व. श्री लेखराज विधानी, अध्यक्ष,** शिव-शक्ति मंदिर एवं परिसर संचालन समिति ट्रस्ट, निवासी ए-17, सेंचुरी कालोनी, डी.डी.यू. नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा **"शिव-शक्ति मंदिर एवं परिसर संचालन समिति ट्रस्ट"** पता सेंचुरी कालोनी, गणेश गार्डन मंदिर परिसर, डी.डी.यू. नगर, रायपुर (छ.ग.) का छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 04 (2) के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई सम्पत्ति को सार्वजनिक न्यास / पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन करानें हेतु आवेदन प्रस्तुत किए है :-

-:: अनुसूची ::

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता और सम्पत्ति का विवरण)

1 पब्लिक ट्रस्ट का नाम एवं पता- **"शिव-शक्ति मंदिर एवं परिसर संचालन समिति ट्रस्ट"** पता- सेंचुरी कालोनी, गणेश गार्डन मंदिर परिसर, डी.डी.यू. नगर, रायपुर (छ.ग.), 2 चल सम्पत्ति- निरंक, 3 अचल सम्पत्ति- निरंक।

यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त ट्रस्ट अथवा सम्पत्ति में अभिरूचि हो और ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करनें की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियाँ प्रस्तुत करें और पेशी के दिन कार्यालय समय में स्वतः या अपने अधिवक्ता अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होवे। निर्धारित तिथि के पश्चात प्रस्तुत किए गए आक्षेपों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 19/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

(नंदकुमार चौबे)
पंजीयक, सार्वजनिक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
रायपुर (छ.ग.)

**उदघोषणा**

क्रमांक 9953/रा.शा./ इन्द्रप्रस्थ / वि.प्रा./ 2025 रायपुर, दिनांक 19.09.25

प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ आवासीय योजना रायपुरा फेस-01 के अन्तर्गत श्रीमती सीमा सूर्यवंशी पति श्री संजय सूर्यवंशी को डुप्लेक्स भवन EE-23 रकबा 968 वर्गफुट आबंटित है। आबंटिती श्रीमती सीमा सूर्यवंशी पति श्री संजय सूर्यवंशी द्वारा उक्त डुप्लेक्स भवन दिनांक 04.07.2020 को श्रीमती वर्षा तिवारी पति श्री अमल शर्मा को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की पंजीकृत फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण में नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त डुप्लेक्स भवन का नामांतरण श्रीमती सीमा सूर्यवंशी पति श्री संजय सूर्यवंशी के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाषन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नही होगा।

दिनांक 19.9.25 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर छ.ग.

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सोमेश्वर सिंह पिता ठाकुर सहदेव सिंह, निवास- म.न.ई 22, परशुराम नगर, माईनिंग ऑफिस (सोनाखान के पीछे) पुरेना, रायपुर (छ.ग.) 492001 यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम सोमेश्वर सिंह ठाकुर, पिता सहदेव सिंह ठाकुर रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजो में मेरे नए नाम सोमेश्वर सिंह ठाकुर पिता सहदेव सिंह ठाकुर से ही जाना पहचाना जावे।

**सोमेश्वर सिंह ठाकुर**
म.न. ई 22, परशुराम नगर,
माईनिंग ऑफिस (सोनाखान के पीछे) पुरेना, रायपुर (छ.ग.)
492001

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# रायपुर भूमि






# बारिश में मिट्टी की दिक्कत, थोक में आपूर्ति भी कठिन इसलिए माता के दरबार को जगमगाएंगे तांबे के कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो दिन पश्चात शहर के देवी मंदिर मनोकामना ज्योति से जगमग होंगे। ज्योत की जगमगाहट तो वही होगी, लेकिन जिस पात्र में ये प्रज्जवलित होंगे, उनका स्वरूप बदलने लगा है। सदियों से देवी मंदिरों में मिट्टी के कलश में ही ज्योति प्रज्वलित करने की पंरपरा रही है। कुम्हारों की घटती संख्या और समय पर आपूर्ति नहीं हो पाने के कारण अब देवी मंदिरों में तांबे के कलश में ज्योति प्रज्वलित होने लगी है। सदियों पहले तक केवल मिट्टी के कलश में ही ज्योत जलाए जाते थे लेकिन अब आपूर्ति के आधार पर कुछ मंदिरों में मिट्टी और तांबे के कलश मिश्रित जलाए जा रहे हैं तो कुछ मंदिरों में प्रधान जोत को छोड़कर शेष सभी ज्योति तांबे के कलश में जलाई जाएगी।

- रतनपुर के महामाया मंदिर में 1995 से हुई थी शुरुआत, यहां जलती है 28 हजार ज्योत
- मंदिरों में तैयारी, प्रधान ज्योति कलश अब भी मिट्टी का

विभिन्न मंदिर प्रबंधन समितियों का कहना है कि जितनी संख्या में उन्हें मिट्टी के ज्योति कलश चाहिए होते हैं, उतनी संख्या में मिल नहीं पाते हैं। यही कारण है कि वे तांबे के कलश में ज्योत जला रहे हैं। हालांकि प्राचीन परंपरानुसार, देव प्रतिमाओं के समक्ष जलाई जाने वाली प्रधान ज्योति अभी भी मिट्टी के कलश में भी जलाई जा रही है। महामाया मंदिर रायपुर के सहायक पुजारी पं.मनोज शुक्ला बताते हैं कि ज्योत विसर्जन के बाद तांबे के कलश को माहभर तक धोने की ही प्रक्रिया चलती है। इसके लिए मंदिर के 12 से 15 कर्मचारी लगाए जाते हैं।

## जानिए... किस मंदिर में कैसी है स्थिति

*__रतनपुर महामाया मंदिर :__ यहां 28 हजार मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होती है। इसमें 19 हजार कलश तांबे के और शेष 9 हजार ज्योति कलश मिट्टी के प्रज्वलित किए जाते हैं। जानकारों के मुताबिक, प्रदेश में तांबे के पात्र में ज्योति कलश प्रज्वलित करने की शुरुआत रतनपुर के महामाया मंदिर में 1995 से हुई थी। उस दौर में भी 30 हजार की संख्या में मिट्टी के कलश सप्लाई कर पाना कुम्हारों के लिए मुश्किल लक्ष्य होता था। इसलिए 4-5 हजार तांबे के कलश तथा शेष मिट्टी के कलश प्रयोग में लाए गए।*

*__महामाया मंदिर रायपुर :__ मनोकामना ज्योति कलश संख्या 11 हजार है। 9 प्रमुख ज्योति कलश मिट्टी के पात्र में प्रज्वलित होंगे। शेष कलश तांबे के हैं। यहां 2020 से इसकी शुरुआत हुई।*



*__दंतेश्वरी मंदिर, कुशालपुर :__ मनोकामना ज्योति कलश संख्या 1500 है। इनमें आधे मिट्टी के पात्र में तथा आधे तांबे के पात्र में प्रज्वलित होंगे।*

*__कंकाली मठ, कंकाली पारा :__ मनोकामना ज्योति कलश संख्या 1100 है। यहां भी 50% ताम्र पात्र में और 50% माटी कलश में प्रज्वलित होंगे।*

*__चामुंडा देवी मंदिर, जेल परिसर :__ यहां 1200 ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे। 2 प्रधान ज्योति कलश को छोड़कर शेष सभी तांबे के पात्र में जलाए जाएंग।*

*__बंजारी माता मंदिर, रावाभाठा :__ यहां 11 हजार ज्योति प्रज्वलित होगी। यहां कलश मिट्टी के हैं, जबकि नांदी (कलश का ऊपरी हिस्सा, जिसमें ज्योति जलती है) तांबे के हैं।*

*__काली माता मंदिर, आकाशवाणी :__ मनोकामना ज्योति कलश संख्या 4500 है। यहां सभी ज्योति कलश मिट्टी के पात्र में ही प्रज्वलित होंगे।*

### शरदीय नवरात्रि में अधिक दिक्कत

राजधानी में बुढ़ापारा के समीप मिट्टी निर्मित सामग्री का व्यवसाय करने वाली पार्वती कहती हैं, मिट्टी के ज्योति कलश के तीन भाग होते हैं। नीचे के हिस्से को गुड़ी, मध्य को घेरा और ऊपरी हिस्से को नांदी कहा जाता है। शरदीय नवरात्रि बारिश के दौरान आती है। बारिश के कारण मिट्टी कलश को पका पाना संभव नहीं होता। मिट्टी, लकड़ी, छेना सबकी कीमतें बढ़ गई हैं। इस कारण लागत अधिक और मुनाफा कम है। आर्थिक तंगी को देखते हुए बच्चे इस क्षेत्र में नहीं आना चाहते। इन सब कारणों से अब मंदिर प्रबंधन को बड़ी मात्रा में आपूर्ति नहीं कर पाते हैं।

### धातु मान्य

*मिट्टी के साथ स्वर्ण, रजत, ताम्र, पीतल और कांस धातु से बने ज्योति कलश मान्य हैं। इनमें स्टील नहीं होना चाहिए। सर्वश्रेष्ठ सोने-चांदी के कलश हैं।*

*__पं.संतोष शर्मा__, रतनपुर महामाया मंदिर, समिति सदस्य*

### कम मांग वाले मंदिरों में ही आपूर्ति

*हम सदियों से यह व्यवसाय कर रहे। हमारे बच्चे इसमें नहीं आना चाहते, इसलिए अधिक मांग की पूर्ति करना संभव नहीं। कम मांग वाले मंदिरों में ही आपूर्ति कर रहे हैं।*

*- __अनसुईया चक्रधारी__, कुम्हार, रायपुर*


## खबर संक्षेप

### 111 खाताधारकों पर ठगी का केस दर्ज

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से मिली जानकारी के आधार पर आईडीबीआई, डीसीबी बैंक के 111 खाताधारकों के खिलाफ ठगी की रिपोर्ट दर्ज की है। जिन लोगों के नाम से अकाउंट खोला गया है, उन सभी खातों के म्यूल अकाउंट होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। उन खातों में साइबर फ्रॉड के 19 लाख रुपए लेन-देन की पुष्टि हुई है।

### फरार कैदी की जानकारी देने पर पांच हजार ईनाम

**रायपुर।** केंद्रीय जेल में एनडीपीएस के एक मामले में सजा काट रहे बंदी के फरार होने के बाद उसकी जानकारी देने वाले को एसएसपी ने पांच हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की है।



उत्तरप्रदेश, सोनभद्र निवासी चंद्रवेल उर्फ दीप सिंह (32) सहित दो अन्य बंदियों को जेल प्रहरी 21 अगस्त को पुराने जेल मुख्यालय मरम्मत का काम कराने ले गया था।

### 78 स्पेशल ट्रेनें रायपुर से होकर गुजरेंगी, भीड़ को संभालेगी स्पेशल टीम

# मुंबई की तर्ज पर भीड़ कंट्रोल करेगा रेलवे, स्टेशन पर बनेंगे होल्डिंग एरिया, स्पेशल ट्रेनों की मॉनिटरिंग भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे का पीक सीजन त्योहारों के साथ शुरू होने जा रहा है। महाकुंभ और दिल्ली जैसे बड़े शहरों में हुई भगदड़ की घटनाओं से सबक लेते हुए रेलवे ने इस बार विशेष क्राउड मैनेजमेंट टीम बनाई है। यह टीम नवरात्रि से लेकर दशहरा, दीपावली और छठ पूजा जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान भीड़ को संभालने का कार्य करेगी। इस टीम में आरपीएफ, जीआरपी और वाणिज्य विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल किए गए हैं। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए टीम को टिकट काउंटर, पूछताछ केंद्र, यात्री सुरक्षा, होल्डिंग एरिया और प्लेटफॉर्म जैसे प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया है। शुक्रवार को डीआरएम दयानंद और सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी ने प्रेसवार्ता में त्योहार सीजन की तैयारियों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आमतौर पर यात्रियों की शिकायत रहती है कि त्योहारों के दौरान ट्रेनें समय पर नहीं चलतीं।

**70 सदस्यों की स्पेशल टीम तैयार**

### मुंबई की तर्ज पर क्यू मैनेजमेंट से नियंत्रित होगी भीड़

*त्योहारों पर स्टेशन और प्लेटफॉर्म पर बढ़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने मुंबई की तर्ज पर क्यू मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने का निर्णय लिया है। आरपीएफ और जीआरपी की टीमें प्लेटफॉर्म पर रस्सी लगाकर यात्रियों को क्रमवार तरीके से ट्रेनों में प्रवेश कराएंगी, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति से बचा जा सके। साथ ही स्टेशन परिसर में होल्डिंग एरिया भी बनाया जाएगा, जहां यात्रियों को ठहरने की सुविधा दी जाएगी। भीड़ की स्थिति होने पर यात्रियों को ट्रेन के निर्धारित समय से कुछ समय पहले ही प्लेटफॉर्म पर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी, ताकि वहां पर अनावश्यक भीड़ जमा न हो।*

**रेलवे स्टेशन में रात को मॉक ड्रिल, आरपीएफ के 42बल समेत जीआरपी भी मौजूद**



### प्लेटफॉर्म पर एस्केलेटर की सुविधा शुरू

राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने प्लेटफॉर्म-1 पर एस्केलेटर की सुविधा बढ़ा दी है। शनिवार को डीआरएम ने एक नए एस्केलेटर का उद्घाटन किया, जबकि दूसरा एस्केलेटर भी कुछ ही दिनों में शुरू किया जाएगा। इससे यात्रियों को प्लेटफॉर्म तक आने-जाने में सहूलियत होगी, खासकर बुजुर्गों और दिव्यांग यात्रियों को राहत मिलेगी।

### आरपीएफ, वाणिज्य और जीआरपी ने की मॉक ड्रिल



रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण के लिए शुक्रवार रात मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान होल्डिंग एरिया, एंट्री/एग्जिट प्वाइंट, बुकिंग काउंटर, एफओबी और प्लेटफॉर्म पर बल सदस्यों को आवश्यक उपकरणों के साथ तैनात किया गया। कुल 77 अधिकारी और सदस्य इस ड्रिल में शामिल रहे, जिनमें पोस्ट प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर व 42 बल सदस्य, सीआईबी निरीक्षक निशा भोईर व 3 बल सदस्य, जीआरपी थाना प्रभारी भोलानाथ मिश्रा व 10 स्टाफ, रमेश मंडल मुख्य स्टेशन प्रबंधक, टी. नाग सीसीआई रायपुर एवं 20 टीटीई स्टाफ सम्मिलित थे।

# अब रोज उड़ान भरेगी भोपाल-रायपुर फ्लाइट

### डेढ़ घंटे में पूरा होगा सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भोपाल से रायपुर के बीच संचालित होने वाली फ्लाइट शनिवार से नियमित रूप से उड़ान भरेगी। अभी सप्ताह में तीन दिन इसके संचालित होने की वजह से यात्रियों को अपना सफर पूरा करने के लिए इंतजार करना पड़ता है। सातों दिन उड़ान होने के बाद यात्रा आसान हो जाएगी। यह फ्लाइट डेढ़ घंटे की यात्रा में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की राजधानी को जोड़ती है। फ्लाइट के नियमित होने के बाद यात्रियों को किराए में भी थोड़ी राहत मिलेगी।

- यात्रा के लिए नहीं करना होगा इंतजार, किराए में भी मिलेगी राहत

विमानन सूत्रों के अनुसार, त्योहारी सीजन की शुरुआत होने से पहले सर्वाधिक घरेलू उड़ान का संचालन करने वाली विमानन कंपनी इंडिगो अपनी फ्लाइट्स की संचालन अवधि, गंतव्य बढ़ाने के साथ नए सेक्टरों में फ्लाइट संचालन करने की तैयारी ⏭ शेष पेज 14 पर

### तीन शहरों का किराया बढ़ा


त्योहार में अभी समय है, मगर कुछ शहरों से रायपुर पहुंचने का फ्लाइट किराया आसमान छूने लगा है। बेंगलुरु से रायपुर का फेयर 24 घंटे में 13 से 18 हजार तक पहुंच गया है। कोलकाता से रायपुर के सफर के लिए 11 हजार से 18 हजार तक खर्च करना पड़ रहा है। आने वाले दिनों में अन्य शहरों से रायपुर आने वाले यात्रियों को भी टिकट में ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे।

# आधी रात हॉस्टल की छत गिरी और सुबह कैमेस्ट्री लैब में प्लास्टर गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के ए ग्रेड पं.रविशंकर शुक्ल विवि में शुक्रवार को दो हादसे होते-होते रह गए। मध्यरात्रि पश्चात करीब 2 बजे आजाद हॉस्टल के बाथरूम के छत का एक हिस्सा गिर गया। आधी रात को जोरदार आवाज सुनकर सभी छात्र बाथरूम की ओर भागे। रात का समय होने के कारण प्रसाधन कक्ष में कोई भी छात्र नहीं था, इसलिए जनहानि नहीं हुई। दूसरी ओर कैमेस्ट्री विभाग के अंतर्गत लैब का प्लास्टर शुक्रवार सुबह गिर गया। घटना के दौरान यहां भी कोई छात्र उपस्थित नहीं था, इसलिए किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। छात्र जब प्रयोग करने के लिए लैब पहुंचे तो उन्हें इसकी जानकारी हुई। प्लास्टर का बड़ा हिस्सा छत से अलग होकर गिरा। संयोगवश लैब में रखे कैमिकल और अन्य उपकरणों को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचा। बाद में लैब की साफ-सफाई कराई गई।

- आजाद हॉस्टल का मामला, बाथरूम में नहीं थे छात्र इसलिए बड़ा हादसा नहीं





### चारों तरफ सिर्फ मलबा, सहमे छात्र

छत का इतना बड़ा हिस्सा नीचे गिरा कि चारों तरह सिर्फ मलबा ही मलबा शेष रह गया। कंबोड, वॉश वेसिन, दर्पण सहित कई चीजें क्षतिग्रस्त हो गईं। हॉस्टल में रहने वाले एक विद्यार्थी ने कहा, अब अंदर जाने से भी डर लग रहा है। वे दूसरे हॉस्टल में जाकर वॉशरूम का इस्तेमाल कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, हॉस्टल कक्ष सहित कैमेस्ट्री लैब का निर्माण कई दशक पूर्व होने के साथ ही लीकेज की भी समस्या थी। इसके कारण इतना बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। गौरतलब है कि बीते माह ही नैक टीम ने रविवि को ए प्लस ग्रेड प्रदान किया है। ए ग्रेड होने के बाद भी विवि प्रबंधन मेंटेनेंस पर उचित रूप से ध्यान नहीं दे पा रहा है। रविवि के छात्रावास से भी समय-समय पर शिकायतें सामने आती रही हैं। कमरों की दीवारों में सीलन, प्रसाधन कक्ष के दरवाजे टूटने सहित कई तरह की चीजें शामिल हैं।

## 27 शीघ्रलेखक और चार स्टेनो के पद समर्पित स्टेनो अब अवर सचिव नहीं बन पाएंगे

**रायपुर।** राज्य शासन ने एक आदेश जारी कर मंत्रालय अंतर्गत सचिवालय सेटअप में रिक्त शीघ्रलेखक के 27 एवं स्टेनो टायपिस्ट के 4 पदों को समर्पित कर दिया है। इसके साथ ही शीघ्रलेखक संवर्ग हेतु वरिष्ठ स्टॉफ ऑफिसर (वेतन मैट्रिक्स लेवल-14) के 6 पद एवं प्रधान स्टॉफ ऑफिसर के 3 नवीन पद सृजन की स्वीकृति दी है। इस आदेश के संबंध में कहा जा रहा है कि अब स्टेनो कैडर के लोग अवर सचिव नहीं बन पाएंगे। लआदेश में कहा गया है कि भविष्य में किसी अनुभवी एवं दक्ष शीघ्रलेखक संवर्ग के समकक्ष अधिकारियों को अवर सचिव, उपसचिव के पदेन दायित्वों या कर्तव्यों का निर्वहन कराने हेतु विभागों से प्रस्ताव प्राप्त होने पर, उन्हें सचिवालयीन सेवा में अन्य सेवा संवर्ग के रिक्त पद के विरुद्ध प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ करते हुए, पदनामित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

## 4 छात्रों के लिए आयोजित की पूरक परीक्षा, फिर से हो गए फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

द्वारा शुक्रवार को एमए राजनीति विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर सहित 13 कक्षाओं के परीक्षा परिणाम जारी किए गए। जिन कक्षाओं के नतीजे जारी किए गए हैं, उनमें से सबसे कम विद्यार्थी सेंटर फॉर बेसिक साइंस के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रम इंटीग्रेटेड एमएससी में हैं। प्रथम सेमेस्टर में एटीकेटी की श्रेणी प्राप्त करने वाले 4 छात्रों के लिए रविवि ने पूरक परीक्षा आयोजित की थी। जारी परिणामों के अनुसार, ये सभी छात्र पुनः संबंधित विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए हैं और ⏭ शेष पेज 14 पर



- मामला सेंटर फॉर बेसिक साइंस के अंतर्गत संचालित इंटीग्रेटेड एमएससी का
- एमए राजनीति विज्ञान सहित 13 कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित

### फॉरेंसिक साइंस के नतीजे 100 फीसदी

एमएससी फॉरेंसिक साइंस द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में 20 छात्र शामिल हुए थे। ये सभी उत्तीर्ण रहे। एमफार्मा चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल सभी 10 छात्र उत्तीर्ण रहे। इसके अतिरिक्त एमसीए चतुर्थ सेमेस्टर के परिणाम भी 100 प्रतिशत रहे। 51 छात्रों ने इसकी परीक्षा दिलाई थी। एमएससी फिजिक्स चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में 154 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 119 उत्तीर्ण रहे। 11 एटीकेटी श्रेणी में तथा 24 के परिणाम रोके ⏭ शेष पेज 14 पर

### ईडी की स्पेशल कोर्ट में दूसरे दिन भी नान घोटाले के आरोपी का सरेंडर नहीं हो पाया

# सेवानिवृत्त आईएएस शुक्ला का सरेंडर कानूनी दांव-पेंच में फंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नान घोटाले में हाईकोर्ट से मिली जमानत सुप्रीम कोर्ट में खारिज होने के बाद घोटाले में आरोपी बनाए गए सेवानिवृत्त आईएएस अफसर डॉ. आलोक शुक्ला पिछले दो दिनों से ईडी की विशेष अदालत में सरेंडर करने चक्कर काट रहे, लेकिन कोर्ट श्री शुक्ला का दो दिनों से सरेंडर स्वीकार नहीं कर रही। कारण

- सरेंडर करने सुबह 11 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक कोर्ट परिसर में मौजूद रहे


सरेंडर करने पहुंचे पूर्व आईएएस अफसर शुक्ला को कोर्ट ने लौटाया

बताया जा रहा है कि डॉ. शुक्ला को हाईकोर्ट से मिली जमानत खारिज होने का केस डायरी अब तक निचली अदालत में नहीं पहुंची है। इस वजह से कोर्ट आलोक ⏭ शेष पेज 14 पर

### कोर्ट रूम लाइव

कार्रवाई शुरू होते ही एक सप्ताह के भीतर सरेंडर करने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर डॉ. आलोक शुक्ला सुबह 11 बजे कोर्ट पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, डॉ. शुक्ला को 14 दिनों तक ईडी की कस्टडी और शेष 14 दिन न्यायिक हिरासत में रहना होगा। डॉ. शुक्ला के कोर्ट पहुंचने पर कोर्ट ने ईडी को तलब किया। ईडी के अधिवक्ताओं ने कोर्ट में कह दिया कि प्रकरण हमारे यहां नहीं है, इसलिए हम आलोक ⏭ शेष पेज 14 पर

### बचाव पक्ष के वकील ने कहा- यह अनोखी घटना

सेवानिवृत्त आईएएस की सरेंडर मामले में बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने कहा कि उनके मुवक्किल ने सुप्रीम कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद से दो दिनों से कोर्ट में सरेंडर करने पहुंच रहे हैं। ईडी द्वारा केस डायरी दिल्ली में होने का तर्क देते हुए सरेंडर नहीं लिया जा रहा, यह अनोखी घटना है। बचाव पक्ष के वकील के अनुसार, रायपुर से ⏭ शेष पेज 14 पर

# भारतमाला घोटाले की जांच आधी-अधूरी, जांच समितियों को कमिश्नर का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रायपुर और धमतरी जिले की भारतमाला परियोजना में मुआवजा घोटाले पर संभाग कमिश्नर द्वारा दावा-आपत्तियों के निराकरण के लिए गठित की गई चार समितियों ने भी जांच पूरी नहीं कर कमिश्नर के आदेश को ही ठंडे बस्ते में डाल दिया है। भारतमाला घोटाले की जांच ईओडब्ल्यू भी कर रही है।

शुरुआत में ईओडब्ल्यू ने सक्रियता दिखाते हुए इस मामले में कुछ बिल्डरों एवं बिचौलियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई भी की, लेकिन इसके बाद से जांच पर ब्रेक लगा हुआ है। इस घोटाले में निलंबित किए गए तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू सहित कई तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं पटवारियों के नाम भी शामिल हैं।

## जांच के बिंदु में, पटवारी के साथ मौके पर जाना जरूरी, नहीं जा रहे अफसर

संभाग कमिश्नर द्वारा मंगाई गई दावा-आपत्तियों में कई प्रभावित किसानों ने भूमि अधिग्रहण के बाद भी उन्हें मुआवजा नहीं मिलने या कम मुआवजा मिलने की शिकायत की है। इन शिकायतों के आधार पर संभाग कमिश्नर ने दावा-आपत्तियों की जांच के लिए कई बिंदु तय किए हैं। इन बिंदुओं के अनुसार समिति को आवेदक किसान के जमीन के दस्तावेजों का परीक्षण के साथ पटवारी को लेकर किसान की अधिग्रहित भूमि का मुआयना, उनका बयान भी लिया जाना है, लेकिन समिति के अफसर ग्राउंड पर जाकर जांच करना छोड़ दफ्तरों में बैठे-बैठे ये रिपोर्ट तैयार करने में लगे हुए हैं।

## संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने दावा-आपत्तियों के निराकरण के गठित की हैं चार समितियां


भारतमाला परियोजना घोटाला में एनएचएआई के अफसरों के भी शामिल होने की आशंका

अधिसूचना से पहले भारतमाला का नक्शा लीक, इसलिए टुकड़ों में बंटी जमीन

## तीन माह में एक समिति ने पेश की अधूरी रिपोर्ट, कमिश्नर ने लौटाई

विभागीय सूत्रों के अनुसार, चार समितियों में संभाग उपायुक्त ज्योति सिंह ने अपनी जांच पूरी कर इसकी रिपोर्ट संभाग कमिश्नर महादेव कावरे को सौंपी थी, लेकिन यह रिपोर्ट अधूरी थी। संभाग कमिश्नर ने जिन बिंदुओ पर जांच के निर्देश दिए थे। उसके अनुसार समिति ने जांच ही नहीं की और रिपोर्ट बनाकर सौंप दी। सूत्रों के अनुसार, संभाग कमिश्नर ने इस रिपोर्ट पर गहरी नाराजगी भी जताई और इसे वापस लौटाते हुए सभी बिंदुओं पर जांच करने के निर्देश दिए हैं। इधर अन्य तीन समितियों की ओर से भी जांच रिपोर्ट सौंपी नहीं गई है। इसे लेकर भी कमिश्नर ने तीनों समितियों के अध्यक्ष अफसरों को जांच पूरी करने के लिए अंतिम अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद भी जांच रिपोर्ट सौंपी नहीं गई तो इन समितियों के विरुद्ध नोटिस जारी किए जाने की संभावना है।

## जिस किसान की जमीन अधिग्रहित उसे मुआवजा ही नहीं मिला

*अभनपुर ब्लॉक के ग्राम टोकरो निवासी किसान ओमप्रकाश साहू ने बताया कि भारतमाला परियोजना में उसकी 54 वर्गमीटर जमीन अधिग्रहित की गई है, लेकिन प्रभावित किसानों की सूची में उसका नाम ही गायब कर दिया गया है। एसडीएम अभनपुर ने पूर्व में उसकी जमीन को लेकर जांच भी कराई थी, जिसमें उसकी जमीन अधिग्रहित हुई है, यह सही भी पाया गया है। इसके बाद भी उसे मुआवजा नहीं मिला है। इस संबंध में किसान ने एसडीएम अभनपुर एवं संभाग कमिश्नर कार्यालय में लिखित शिकायत भी की है। संभाग कमिश्नर कार्यालय में पता चला कि उनके द्वारा जांच समिति बनाई गई है, लेकिन अभी तक किसी समिति ने पीड़ित किसान से संपर्क नहीं किया है।*

## निधन

### अशोक अग्रवाल

**रायपुर।** गुलमोहर पार्क निवासी अशोक अग्रवाल का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 सितंबर को सुबह 11.30 बजे निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।



### अनामिका दासगुप्ता

रायपुर। प्रियदर्शिनी नगर निवासी अनामिका दासगुप्ता (56) का 19 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे बंगाली कालीबाड़ी समिति के वरिष्ठ सदस्य अरुण दासगुप्ता की पत्नी, अनिर्बन दासगुप्ता एवं अभिनव दासगुप्ता की माता थीं।



### पुष्पा श्रीवास्तव

**रायपुर।** पुरानी बस्ती निवासी पुष्पा श्रीवास्तव (68) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे शंकराचार्य कालेज के प्राध्यापक अमित श्रीवास्तव और आकांक्षा की माता थीं।



### जगत नारायण खरे

**रायपुर।** हर्ष रेसीडेंसी के सामने, देवनगर, देवपुरी निवासी जगत नारायण खरे (77) का 19 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 सितंबर को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट की लिए निकलेगी। वे विनय, सचिन खरे, मधुलिका एवं वर्षा के पिता थे।



### अर्चना राहटगांवकर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर निवासी अर्चना राहटगांवकरका का 19 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 सितंबर को सुबह 11 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे अनंत राहटगांवकर की पत्नी, आशीर्वाद राहटगांवकर और अतुल राहटगांवकर की माता थीं।



## 381 स्थानों पर दबिश, 142 टीमें, 800 पुलिस अफसर-कर्मी कार्रवाई में शामिल

# 'डर्टी नशा' के खिलाफ मैदान पर उतरी 142 टीमें पांच जिलों में पड़ताल, अफीम, गांजा, शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के साथ आपराधिक गतिविधियों में शामिल बदमाशों के खिलाफ आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर ऑपरेशन निश्चय चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रेंज में शामिल जिलों में पुलिस की 142 टीमों ने 381 स्थानों पर दबिश देकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किए एवं दो हजार लीटर के करीब शराब बरामद की है।

पुलिस की सभी टीमों ने गुरुवार रात से दूसरे दिन तड़के छह बजे तक विशेष अभियान चलाकर बदमाशों की धरपकड़ तथा गिरफ्तारी की। देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने सिटी सेंटर के पास दबिश देकर मूलतः दुर्ग उतई निवासी अभिषेक कुमार बंछोर के कब्जे से 20 हजार रुपए से ज्यादा कीमत की छह सौ ग्राम अफीम जब्त की। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि उसे एक सिख युवक ने अफीम लाकर दी है, जिसे वह पहचानने से इंकार किया है। अफीम कहां से आई है और उसे अभिषेक किसे देने के लिए खरीदा था। इसकी पड़ताल कर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

### इन मामलों में इतनी कार्रवाई

पुलिस ने रायपुर के साथ महासमुंद, बलौदाबाजार, धमतरी तथा गरियाबंद जिले में कार्रवाई की है। कार्रवाई में पुलिस ने पांचों जिलों में नारकोटिक्स एक्ट के 33 प्रकरणों में 73 किलो से ज्यादा गांजा, अफीम जब्त कर 35 आरोपियों की गिरफ्तारी की है। आबकारी एक्ट के तहत 98 लोगों को गिरफ्तार कर 1724 लीटर शराब जब्त की है। आर्म्स एक्ट के 12, स्थायी के साथ 45 गिरफ्तारी वारंट तामिली तथा 82 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

## पांच जिलों में 33 एनडीपीएस की कार्रवाई में 72 किलो गांजा के साथ छह सौ ग्राम अफीम जब्त

### तस्करी में सफेदपोश शामिल

मादक पदार्थों की तस्करी से लेकर सेवन करने वाले लोगों में कई सफेदपोश लोगों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। हेरोइन चिट्टा से लेकर एमडीएमए मामले में पुलिस ने अब तक जिन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। उनमें से कुछ लोगों को छोड़ शेष अन्य जो गिरफ्तार किए गए हैं, उनमें से ज्यादातर सामान्य तथा मध्यम वर्ग से जुड़े लोग हैं। ड्रग रैकेट से जुड़े महत्वपूर्ण कड़ी को पुलिस अब तक तोड़ नहीं पाई है।




### खपाने का तरीका बदल रहे

*पुलिस की सख्ती शुरू होने के बाद मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वाले पुलिस से बचने कारोबार का तरीका बदल दिए हैं। गांजा सहित अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थ खपाने महिलाओं के साथ बच्चों की मदद ले रहे हैं। हाल के दिनों में पुलिस ने कई महिलाओं तथा बच्चों को शराब के साथ अन्य तरह के मादक पदार्थ बेचते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन लोगों को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है, उनमें से ज्यादातर नए लोग हैं। ऐसे में मादक पदार्थ का अवैध कारोबार रोकना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है।*

### डर्टी नशा का यार्ड बनी राजधानी

*गांजा के अवैध कारोबार का छत्तीसगढ़ एक बड़ा कॉरिडोर है। प्रतिबंधित मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वाले राजधानी सहित पड़ोसी राज्यों से सटे जिलों को डर्टी नशा का यार्ड बनाकर मादक पदार्थ लाकर यहां डंप कर रहे हैं। तस्कर यहां मादक पदार्थ डंप करने के बाद अन्य दूसरे राज्यों में खपाने के साथ यहां पैडलर भी बना रहे हैं। इसके चलते रायपुर सहित पड़ोसी जिलों में हेरोइन चिट्टा, एमडीएमए से लेकर प्रतिबंधित मादक पदार्थों की बिक्री बढ़ी है।*

## ओडिशा से गुजरात के बीच जल्द दौड़ेगी अमृत भारत एक्सप्रेस रायपुर-गोंदिया में भी स्टॉपेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ रेलवे बोर्ड ने की नई ट्रेन चलाने की घोषणा

रेलवे बोर्ड ने ब्रह्मपुर, ओडिशा से उधना, सूरत, गुजरात के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस चलाने की घोषणा की है। यह नई ट्रेन पूर्वी, मध्य और पश्चिम भारत के महत्वपूर्ण जिलों को जोड़ेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को इसका लाभ मिलेगा। यात्रियों को लंबी दूरी के लिए सीधी, तेज और सुगम रेल सेवा मिलेगी। रायपुर और गोंदिया में इसका स्टॉपेज तय किया गया है। इस ट्रेन के जरिए ओडिशा से गुजरात तक यात्रा का समय कम होगा और खनिज, वस्त्र तथा औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ते हुए आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### एलएचबी कोच में आरामदायक यात्रा

अमृत भारत एक्सप्रेस में अत्याधुनिक एलएचबी कोच लगाए जाएंगे, जिससे यात्रियों को बेहतर सीटिंग अरेंजमेंट और ऑनबोर्ड सुविधाओं के साथ आरामदायक यात्रा अनुभव मिलेगा। यह ट्रेन न केवल ओडिशा, आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात के यात्रियों को सीधा लाभ देगी, बल्कि इन राज्यों के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूत करेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए यह सेवा और अधिक सहज और सुविधाजनक होगी।

## 62 भवन मालिकों की जमा 11 लाख एफडीआर राशि राजसात

**रायपुर।** शहर के जोन-7 अंतर्गत वार्डों में 62 भवन स्वामियों ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया है। इन सभी भवन स्वामियों के विरुद्ध जोन कमिश्नर ने कार्रवाई करते हुए उनकी जमा एफडीआर राशि 11 लाख 4 हजार 141 रुपए को राजसात किया। भवन स्वामियों ने यह राशि वर्ष 2012 से 2015 के मध्य भवन भूमि में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने पर सहमति जताते हुए भवन निर्माण अनुज्ञा प्राप्त करते समय ली थी।

## पेज 11 के शेष ...

### अब रोज उड़ान ...

में है। इसी तारतम्य में भोपाल-रायपुर-भोपाल के बीच रविवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होने वाली फ्लाइट को नियमित किया जाएगा। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ वासियों के बीच काफी पुराने पारिवारिक संबंध हैं।

### 4 छात्रों के लिए ...

उन्हें एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। इन विद्यार्थियों के लिए अब फिर से परीक्षा आयोजित की जाएगी। एमए राजनीति विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम भी रविवि ने घोषित कर दिए हैं। 687 छात्र इस परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 571 उत्तीर्ण रहे, जबकि शेष छात्रों को पूरक श्रेणी में रखा गया। परिणाम 83.11 प्रतिशत रहे।

### फॉरेंसिक साइंस के ...

गए हैं। परिणाम 77.27 प्रतिशत रहे। एमएससी माइक्रोबायोलॉजी की परीक्षा में शामिल 62 में से 50 छात्र उत्तीर्ण रहे। एमफार्मा, एमएससी आईटी, एमएससी गणित सहित अन्य कक्षाओं के नतीजे रविवि ने वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

### सेवानिवृत्त आईएएस ..

शुक्ला का सरेंडर लेने से इंकार कर रही है। रिटायर्ड आईएएस डॉ. आलोक शुक्ला शुक्रवार सुबह 11 बजे विशेष अदालत में सरेंडर करने पहुंचे तो कोर्ट में ईडी ने उन्हें रिमांड पर लेने से ही इंकार कर दिया। कानूनी पेंच ऐसा फंसा कि शाम करीब साढ़े 4 बजे तक वे इंतजार करते रहे। इस बीच नान घोटाले के एक और आरोपी जेल में बंद सेवानिवृत्त आईएएस अनिल टुटेजा की ओर से भी सरेंडर का आवेदन आया तो उस पर कोर्ट ने अगले कार्यवाही दिवस पर विचार करने की बात कही, जिसके बाद टुटेजा की ओर से पेश आवेदन वापस हो गया। इधर कोर्ट ने डॉ. शुक्ला का सरेंडर स्वीकार से मना कर दिया और वे वापस लौट गए। अब डॉ. शुक्ला सोमवार यानी 22 सितंबर को कोर्ट में पेश होंगे।

### कोर्ट रूम लाइव...

शुक्ला को रिमांड पर नहीं ले सकते। इस पर बचाव पक्ष के वकीलों ने ईडी की दलील का विरोध किया। ईडी ने कोर्ट में तर्क पेश करते हुए कहा कि मामला दिल्ली के ईडी कार्यालय ट्रांसफर हो चुका है। डॉ. आलोक शुक्ला से जो पूछताछ पूर्व में हुई है, वह भी दिल्ली में ही हुई है। इस पर कोर्ट ने सवाल किया कि आपने यहां सरेंडर क्यों किया? इस पर आलोक शुक्ला ने कोर्ट से कहा -"सर, ये ईसीआईआर रायपुर में दर्ज है। हमें पूछताछ करने दिल्ली बुलाया गया, तब यह कहा गया कि वरिष्ठ अधिकारी पूछताछ करना चाहते हैं। ये पांच साल से कहते रहे हैं, मेरी कस्टडी चाहिए.. अब ये कह रहे हैं, नहीं हमें नहीं, दिल्ली को लेनी है। मैं सरेंडर और कहां करूंगा सर, यहां का मसला है तो यहीं आऊंगा। सुप्रीम कोर्ट में भी ईडी ने रायपुर के ईसीआईआर का ही जिक्र किया है, कोई अन्य नई बात नहीं कही है। कोर्ट से डॉ. शुक्ला ने कहा -"सर, अब ये यह नहीं कह सकते कि मैं असहयोग कर रहा हूं, इन्हें मेरी कस्टडी ही तो चाहिए थी, अब ये दिल्ली ले जाएं या कहीं और...।

### बचाव पक्ष के वकील ने ..

दिल्ली के लिए आधा दर्जन फ्लाइट चलती हैं। एजेंसी चाहे तो दिल्ली से एक दिन में डायरी रायपुर बुलवा सकती है। नान घोटाले का केस दिल्ली ट्रांसफर होने के बाद भी डायरी की एक प्रति ईडी के पास ही होगी। उस डायरी को कोर्ट में पेश कर सकते हैं।

## सीएम साय ने कहा- सत्य का सिनेमा है पीएम मोदी के जीवन पर आधारित फिल्म 'चलो जीते हैं'

■ फिल्म देखने मुख्यमंत्री साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित मंत्री भी पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय समेत प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित 'चलो जीते हैं 'सत्य का सिनेमा डॉक्यूमेंट्री फिल्म एक मॉल में देखने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से जुड़ी इस फिल्म के प्रसंग हमें प्रेरणा देने वाले हैं। यह फिल्म सत्य का सिनेमा है, जो हमें समाज से जोड़ता है। उन्होंने कहा, इस फिल्म को ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं और आमजनों को देखना चाहिए। यह फिल्म प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व को और करीब से जानने का मौका देती है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, इस फिल्म के माध्यम से हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवन यात्रा, उनके संघर्ष और जीवंत घटनाओं को देखने का यह सुनहरा अवसर मिला है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता सहित आमजन इस फिल्म को अवश्य देखें, क्योंकि फिल्म में वास्तविकता की झलक दिखाई गई है।

## चावल-शक्कर शॉर्टेज मामले में राशन दुकान समिति अध्यक्ष के विरुद्ध केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के खमतराई क्षेत्र में संचालित मां कंकाली महिला समूह की अध्यक्ष के खिलाफ खाद्य विभाग ने चावल और शक्कर शॉर्टेज के मामले में थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इस समूह द्वारा संचालित दो राशन दुकानों में वर्ष 2022-23 में लगभग 464 क्विंटल चावल एवं 3.95 क्विंटल शक्कर की शॉर्टेज मिली थी। शॉर्टेज चावल और शक्कर की रिकवरी के लिए विभाग ने नोटिस जारी कर इसके बदले समूह को राशि जमा कराने के लिए कहा था, लेकिन करीब 4 लाख रुपए देने के बाद शेष राशि जमा नहीं कराई गई। विभाग ने अब इस मामले में समूह की अध्यक्ष शशि सोनी के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। हालांकि दुकान की संचालिका शशि सोनी का कहना है कि इस मामले में उसे जबरन फंसाया जा रहा है। यह मामला वर्ष 2022 से 2023 के बीच का है, उस समय समूह की अध्यक्ष वह नहीं थी।

खाद्य विभाग के अफसर के अनुसार, मां कंकाली महिला समूह के नाम से दो राशन दुकानें संचालित की जा रही थीं, जिसकी आईडी क्रामंक 441001194 एवं 441001014 है। इन दोनों दुकानों में वर्ष 2022 से 2023 के बीच में भौतिक सत्यापन के दौरान चावल और शक्कर शॉर्टेज मिली थी। इनमें 441001194 में 222.69 क्विंटल चावल एवं 3.24 क्विंटल शक्कर तथा दुकान 4410001014 में 241.59 क्विंटल चावल एवं 0.71 क्विंटल शक्कर कम मिली थी। इन दोनों दुकानों में शॉर्टेज चावल-शक्कर मिलने पर इसकी रिकवरी के लिए समूह की अध्यक्ष को कई बार नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के बाद शशि सोनी ने 4 लाख रुपए जमा भी कराए थे, लेकिन इसके बाद शेष राशि उसके द्वारा जमा नहीं कराई जा रही थी। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश हैं कि गड़बड़ी करने वाले राशन दुकान संचालक द्वारा राशि जमा नहीं कराने पर उसके विरुद्ध एफआईआर कराई जाए। इस निर्देश के तहत इस मामले में समूह की अध्यक्ष के विरुद्ध एफआईआर कराई गई है।

*कलेक्टोरेट जनदर्शन में की शिकायत, उसकी जांच भी नहीं हुई : इन दुकानों की वर्तमान संचालिका शशि सोनी ने बताया कि यह मामला तब का है, जब वे समूह की अध्यक्ष ही नहीं थीं। उन्होंने बताया कि इस मामले में उनके द्वारा कुछ दिनों पहले ही कलेक्टोरेट जनदर्शन में शिकायत की गई थी, जिसकी जांच तक नहीं की गई है। अगर जांच होगी तो सच्चाई सामने आ जाएगी।*

अंतिम 24 घंटे
SAVE UN-LIMITED
UP TO 50 % LESS
सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स, ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन
SUNDAY OPEN
महेन्द्र कम्पनी मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 4049406/7/8

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina Tightening
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

टैक्सी चाहिए
रायपुर शहर में रात्रि कालीन पेपर पार्सल ले जाने हेतु टाटा एस, टाटा मैजिक, ईको की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति टैक्सी की संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
समय : 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रह्मपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दसमहाविद्या, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/- ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866

02


ओज और संवेदना से सजा काव्य मंच...

लाइव इवेंट

# मेडिकल युवा महोत्सव में होंगे नौ सत्र, वर्कशॉप में एक्सपर्ट देंगे राय



**रायपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और मेडिकल स्टूडेंट्स नेटवर्क (आईएमए-एमएसएन) के संयुक्त प्रयास से मेडिकल युवा महोत्सव तरंग-2025 का आयोजन होने जा रहा है। 20 और 21 सितंबर को पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में शनिवार से शुरू होने वाले महोत्सव में एक-दो नहीं, बल्कि नौ एक्सक्लूसिव हैंड्स-ऑन वर्कशॉप होंगे। इसमें शहर के डॉक्टर्स तो मौजूद रहेंगे ही, साथ में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी उत्साहवर्धन के लिए मौजूद रहेंगे। तरंग की रूपरेखा के बारे में शुक्रवार को मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में डॉ. सुरेंद्र शुक्ला और डॉ. प्रशांत द्विवेदी ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। आगे बताया कि वर्कशॉप कॉलेज के नए ऑडिटोरियम में होगा। इसमें बेसिक लाइफ सपोर्ट पर डॉ. प्रतिभा शाह का सेशन होगा। इस तरह से अलग-अलग नौ सब्जेक्ट पर डॉ. सुरेंद्र शुक्ला, डॉ. सुशील शर्मा, डॉ. सरिता अग्रवाल का वक्तव्य होगा।

### सीनियर्स साझा करेंगे अनुभव और विजन

उन्होंने बताया कि नवजात पुनर्जीवन पर डॉ. श्रेयांश वलजियानी अपना अनुभव साझा करते हुए महोत्सव में शामिल होने वाले 15 सौ से ज्यादा मेडिकल स्टूडेंट्स को राय भी देंगे। इस महोत्सव में संवाद- एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनने वाला है, जहां छात्र सीधे डॉक्टरों से एक-एक कर बात कर सकेंगे। सवाल रखने वाले मेडिकल स्टूडेंट्स को एक्सपर्ट नई तकनीक के साथ विषम परिस्थितियों में किस तरह से पेशेंट का जीवन बचाया जा सकता है, इससे जुड़े अपने अनुभव भी साझा करेंगे। साथ ही नेतृत्व और नीति-निर्माण की बारीकियों के बारे में भी जान सकेंगे। इसके साथ एक प्रेरणादायक सत्र होगा। इसमें डॉ. पुर्णेदू सक्सेना, डॉ. देवेंद्र नायक अपने अनुभव और विजन से छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे।

हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के कॉन्क्लेव में शहर के रीयल एस्टेट से जुड़े विशेषज्ञ होंगे शामिल

# सृजन संवाद कॉन्क्लेव-2025 आज, बिल्डर्स बोले छत्तीसगढ़ के विकास के लिए ऐसी सार्थक चर्चा जरूरी

**रायपुर।** हरिभूमि-आईएनएच न्यूज द्वारा आयोजित सृजन संवाद रीयल एस्टेट कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन आज शाम 5 बजे सायाजी होटल वीआईपी चौक रायपुर में होगा। इस कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ के रीयल एस्टेट सेक्टर और आधारभूत संरचना के विकास पर विस्तृत चर्चा होगी। यह मंच छत्तीसगढ़ के विकास में रीयल एस्टेट की भूमिका को रेखांकित करने और भविष्य की दिशा तय करने का कार्य करेगा। साथ ही यह आयोजन छत्तीसगढ़ में रीयल एस्टेट की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श का मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में रीयल एस्टेट से जुड़े लोगों के साथ इस क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

### व्यक्ति के जीवन में रोटी कपड़ा और मकान तीन मुख्य जरूरतें



हरिभूमि और आईएनएच न्यूज का धन्यवाद, जिन्होंने राज्य के विकास में भागीदारी निभाते हुए रीयल एस्टेट को फ्रंटलाइन में रखा और इस विषय पर इवेंट कर रहे हैं। व्यक्ति के जीवन में रोटी, कपड़ा और मकान तीन मुख्य जरूरतें हैं, जिनमें मकान रीयल एस्टेट से जुड़ा है। छत्तीसगढ़ बनने के बाद रीयल एस्टेट ने बड़ी प्रगति की है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में रीयल एस्टेट के लिए बेहतर नीतियां बनी हैं। सरकार ने एफएआर बढ़ाया है, ताकि लोग उचित कीमत पर मकान खरीद सकें। साथ ही सीमेंट जैसी वस्तुओं पर जीएसटी घटाकर मकानों की लागत कम की गई है। हरिभूमि और आईएनएच न्यूज का यह प्रयास सराहनीय है।

– **राजीव अग्रवाल,** अध्यक्ष, सीएसआईडीसी

### नागरिकों के लिए उपयोगी इवेंट



हरिभूमि और आईएनएच न्यूज का यह इवेंट काफी उपयोगी है। रायपुर की जनता, जिन्हें प्रॉपर्टी की तलाश है, साथ ही उनको प्रॉपर्टी खरीदने के लिए हाउसिंग लोन की आवश्यकता है, ये दोनों जरूरतें एक साथ एक जगह ही पूरी होंगी। बैंक के पास बहुत सारी स्कीम्स हैं। हम लोग हाउसिंग लोन 100 प्रतिशत तक दे रहे हैं।

– **आशीष चतुर्वेदी,** जोन मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक

### शहर के डेवलपमेंट पर होगी चर्चा



जब कोई कॉन्क्लेव होता है तो उसमें सभी स्टेक होल्डर शामिल होते हैं। जैसे इस रीयल एस्टेट में डेवलपर, बैंक, सरकार और कई सारे जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इस डिस्कशन में परेशानियां, शहर के डेवलपमेंट जैसे विषयों पर चर्चा होगी। ये बहुत अच्छा इंसेंटिव हैं, जो हरिभूमि और आईएनएच न्यूज की तरफ से किया जा रहा है। जहां सभी स्टेक होल्डर को लाकर एक पॉजिटिव एनवॉयरमेंट में डिस्कशन होगा।

– **विजय आंनद,** चेयरमैन, द जोरा मॉल

### उद्घाटन समारोह में उप मुख्यमंत्री होंगे शामिल

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन, विकास, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव होंगे। समारोह की अध्यक्षता रायपुर की महापौर मीनल चौबे करेंगी। विशिष्ट अतिथि विधायक मोतीलाल साहू होंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि वित्त, आवास, पर्यावरण, योजना एवं सांख्यिकी मंत्री ओपी चौधरी होंगे। समापन की अध्यक्षता कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार और अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत सिंह साहेब करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक अनुज शर्मा होंगे। कार्यक्रम में रीयल एस्टेट से जुड़े पेशेवर, विशेषज्ञ और हितधारक हिस्सा लेंगे। यह आयोजन छत्तीसगढ़ में रीयल एस्टेट की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श का मंच प्रदान करेगा।

### शहर के लिए यह चर्चा बेहद जरूरी



यह रीयल एस्टेट सेक्टर में एक सराहनीय पहल है, क्योंकि इससे शहर और प्रदेश की पहचान बनती है। रीयल एस्टेट से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और कमर्शियल डेवलपमेंट पर चर्चा जरूरी है। मैं चाहूंगा कि इसमें शहर के विकास, टूरिज्म को कैसे बढ़ाया जाए, इस पर भी बात हो। टूरिज्म बढ़ने से पब्लिक ट्रांसपोर्ट, होटल, एंटरटेनमेंट जैसे सेक्टर को भी सपोर्ट मिलेगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। यह बहस शहर के लिए बेहद जरूरी है। आईएनएच न्यूज की यह शुरुआत प्रशंसनीय है और इससे बिल्डर्स, यूजर्स व आम नागरिकों को लाभ मिलेगा।

– **राकेश पांडे, सीएमडी** आरसीपी इंफ्राटेक पॉवर लिमिटेड

# छत्तीसगढ़ कॉलेज के एल्यूमिनी मीट आज, 1980 से लेकर 2020 तक के पूर्व स्टूडेंट्स होंगे शामिल

**रायपुर।** शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में एल्यूमिनी मीट का आयोजन किया गया है। कालेज के एल्यूमिनी एसोसिएशन के द्वारा पूर्व छात्रों का सम्मेलन शनिवार को दोपहर 12 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वित्त, पर्यावरण व आवास मंत्री ओपी चौधरी होंगे। अध्यक्षता दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल करेंगे।

विशिष्ट अतिथि धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा तथा विशेष अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी व उद्योगपति राजेश अग्रवाल होंगे। एल्यूमिनी संगठन के अध्यक्ष मृत्युंजय दुबे ने बताया कि लगभग 500 से अधिक पूर्व विद्यार्थी (जो 1980 से लेकर 2020 के मध्य महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में अध्ययन कर अपनी शिक्षा ग्रहण कर आज समाज के विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, प्रशासनिक और व्यावसायिक क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं) इस सम्मेलन में आएंगे। कई सेवानिवृत्ति प्राचार्य, अध्यापक भी महाविद्यालय के पूर्व छात्र सम्मेलन में एल्यूमिनी संगठन के आग्रह पर शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में पूर्व छात्र अपने अनुभव भी साझा करेंगे। जब वे महाविद्यालय में अध्ययन करते थे, तब के अनुभव मंच के माध्यम से साझा किया जाएगा।



### छात्र जीवन के साथियों से मिलने का सुनहरा अवसर

श्री दुबे ने सभी पूर्व छात्रों से अपील की है कि वे सम्मेलन में शामिल होकर अपने छात्र जीवन के स्वर्णिम दिनों को याद कर पुराने दोस्तों से मिल सकते हैं। यह एल्यूमिनी सम्मेलन छात्र जीवन के साथियों से मिलने का सुनहरा अवसर है, जो हम सबको इस पड़ाव में मिल रहा है।

# याद-ए-मुकेश: सुरों की दुनिया में डूबे श्रोता, 35 यादगार गीतों की दी प्रस्तुति

**रायपुर।** स्व. मुकेश चंद्र माथुर की 49वीं पुण्यतिथि पर एसएनजी विद्या भवन में याद ए मुकेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुकेश की लोकप्रिय 35 गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिसे सुनकर दर्शक देर रात डेढ़ बजे तक झूमते रहे। यश यदु की म्यूजिकल टीम ने स्व. मुकेश के 35 लोकप्रिय गीतों को मधुर संगीत के साथ प्रस्तुत किया। 13 पुरुष और 5 महिला गायकों ने अपनी आवाज से मंच को जीवंत बना दिया। एंथोनी फ्रांसिस, दीपेंद्र हालदार, सजीव सुधाकरण, उमेश विश्वकर्मा, मोहम्मद रफीक, रियाज अहमद, अनुज राउतकर, रमेश दत्त पांडे, जाहिद अली, कलाकारों ने श्रोताओं को गीतों की यादों में डुबो दिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने भी दो गीतों की प्रस्तुति दी, जिन्हें श्रोताओं ने तालियों से सराहा और उत्साह बढ़ाया।



### सम्मान और श्रद्धांजलि

इस अवसर पर स्व. धीरज, स्व. शेफाली जरीवाला और मनोज कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही समाज सेवा और चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कुपोषण से जूझ रहे बच्चों के उत्थान में निरंतर संघर्षरत तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता और चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डा. एस. ए. रिजवी को सम्मानित किया गया। सांसद विजय बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि संगीत ऐसा माध्यम है जो दुश्मनी, तनाव और जीवन की कठिनाइयों को भूलकर लोगों को जोड़ता है।

सिटी इवेंट

# गरबा में धूम मचाने फ्री रिहर्सल क्लास में प्रतिभागी सीख रहे नए डांडिया डांस स्टेप्स



**रायपुर।** शारदीय नवरात्र पर शहर में गरबा की धूम मचेगी। इसके लिए गरबा डांस प्रतिभागी नए डांडिया डांस स्टेप्स की रिहर्सल में जमकर तैयारी कर रहे हैं। कई गरबा आयोजन समिति गरबा डांस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए फ्री गरबा डांस क्लासेस चला रहे हैं, जहां पर प्रतिभागी गरबा डांस क्लास में पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में श्री प्रयास मैदान भैरव नगर, बोरिया मार्ग संतोषी नगर में चौपाल रास गरबा महोत्सव के लिए फ्री गरबा रिहर्सल क्लास का आयोजन किया गया है। बुजुर्गों की चौपाल समाजसेवी युवा संस्था द्वारा आयोजित की जा रही चौपाल रास गरबा महोत्सव के लिए गरबा डांस की फ्री रिहर्सल क्लास 19 सितंबर से शुरू हो गई है, जो 26 सितंबर तक चलेगी।

### नए डांडिया डांस स्टेप्स की रिहर्सल में जुटे

बुजुर्गों की चौपाल समाजसेवी युवा संस्था के प्रशांत पांडे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गरबा डांस स्टेप्स सीखने बड़ी संख्या में प्रतिभागी पहुंच रहे हैं। प्रतिभागियों को स्टेप्स के अलावा सॉन्ग सलेक्शन, गेटअप, मेकअप, डांडिया स्टिक्स सभी को लेकर तैयारी कराई जा रही है। ताकि गरबा डांस मैदान पर प्रतिभागी अनोखे व आकर्षक अंदाज में गरबा डांस से दर्शकों व जजेस का ध्यान अपने ओर खींच सकें। गरबा डांस एक्सपर्ट्स सलोनी टेकाम ने बताया कि डांस रिहर्सल को लेकर प्रतिभागियों में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। कपल्स, सिंगल्स सभी प्रतिभागी गरबा डांस के स्टेप्स सीखने पहुंच रहे हैं। उन प्रतिभागियों को गरबा के स्टेप्स उनके फिटनेस के अनुरूप सिखा रहे हैं।

### ये एक्सपर्ट सिखा रहें गरबा स्टेप

गरबा सीखने के लिए किसी एक्सपर्ट की मदद लेना फायदेमंद होता है। शहर के जाने-माने गरबा डांस ट्रेनर तेजस्विता शाह, सलोनी टेकाम, ईश्नार खान बताते हैं कि गरबा में कुछ बेसिक स्टेप्स होते हैं, जिन्हें हर गाने पर किया जा सकता है। अगर आपने ये स्टेप्स सीख लिए तो किसी भी बीट पर डांस कर सकते हैं। गरबा में करीब 4-5 मुख्य स्टेप्स शामिल होते हैं। गरबा डांस ट्रेनर तेजस्विता शाह ने बताया कि गरबा सीखने के लिए 'तीन ताली' और 'पोपट स्टेप' जैसे बेसिक स्टेप्स से शुरुआत कर रहे हैं, जो आसान होते हैं और आपको समूह में खेलने में मदद करते हैं। हाथों की मूवमेंट और पैरों की सही स्थिति सिखा रहे हैं, और फिर स्पिन जैसे आकर्षक स्टेप्स का अभ्यास करा रहे हैं।

कार्नर न्यूज

इंटर स्कूल डांस कॉम्पिटिशन का हुआ आयोजन, 30 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लिया भाग

# नृत्य में पिरोई माता की शक्ति, शौर्य व क्रोध, घुंघरुओं की थिरकन और आंखों के इशारों ने बांधा समां



**रायपुर।** अग्रेसन महाविद्यालय में शुक्रवार को इंटर स्कूल डांस कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। शहर के कई स्कूल के छात्र- छात्राओं ने इसमें भाग लिया। प्रतिभागियों ने साउथ, बॉलीवुड, छत्तीसगढ़ी, संबलपुरी गानों पर विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों ने सोलो व ग्रुप में मिलकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। वहीं, दर्शकों और निर्णयकों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। हर प्रस्तुति की समाप्ति के बाद खूब तालियां बजीं। कार्यक्रम 30 ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक स्टेज पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



### 90 के दशक के गानों पर प्रतिभागी थिरके

श्रेष्ठा वर्मा जब स्टेज पर आई और गाना पिया तोसे नैना लागे रे...शुरू हुआ तो पूरा माहौल शांत हो गया। गाने के बोल को दोहराते पैरों में बंधे घुंघरू के साथ थिरका तो दर्शक पुरानी यादों व गानों में खो से गए। अपने चेहरे के एक्सप्रेशन से प्यार की झलकियां, रूठना-मनाना और आंखों के इशारों से सबका मनमोह लिया। इसके साथ ही हर्षिता त्रिपाठी ने बॉलीवुड अंदाज में जब से तेरे नैना मेरे नैनों से लागे रे...गाने पर प्रस्तुति दी। इसके साथ गानों के बोल के साथ उसके आंखों के इशारे और हाव-भाव ने सबका दिल जीत लिया। रील्स में ट्रेंडी गानों पर डुओ की जोड़ी में अनीष और कान्हा ने काले चश्मे पहने हमको तुमसे प्यार है, जिया बेक़रार है...में फनी तरीके से सबको हंसाते हुए परफॉर्मेंस किया।

### इंटर स्कूल डांस कॉम्पिटिशन के विजेताओं के नाम



अग्रेसन महाविद्यालय में आयोजित इंटर स्कूल डांस कॉम्पिटिशन में प्रथम स्थान सोलो परफॉर्मेंस में स्वामी आत्मानंद स्कूल से वर्षा सिन्हा, द्वितीय स्थान पर वीर छत्रपति शिवाजी स्कूल के पीयूष धीवर और तृतीय स्थान पर शांति निकेतन स्कूल से जोड़ी में अक्षरा और निशा रहीं।

### नवरात्रि से पहले प्रस्तुति में शक्ति शौर्य, क्रोध और प्यार दिखा

नवरात्रि में कुछ ही दिन बचे हैं और उससे पहले प्रतिभागियों ने आगमन के लिए कई तरीके की प्रस्तुतियां दीं। माता के स्वागत के लिए मोहित वर्मा ने मोर गांव के शीतला दाई...के गानों पर माता के हर घर में आने की खुशी को जाहिर किया। सोनी और अदिति ने 'हे शुभारंभ हो शुभारंभ मंगल बेला आई...एवं नगाड़ा संग ढोल बाजे...' गानों पर पूरी एर्जी के साथ गरबा की प्रस्तुति दी। इस गानों के साथ दर्शक भी अपनी सीट पर झूमने लगे। दिव्यांशी तिवारी ने स्टेज पर तो जलावा बिखर दिया। आते के साथ ही आरंभ है प्रचंड... एवं हे माय भवानी...गाने पर प्रस्तुति दी। दोनों गानों में माता की शक्ति, शौर्य, क्रोध, प्यार की झलकियां दिखाई दीं। बिना त्रिशूल के भी हाथों का प्रयोग करके त्रिशूल बनाया, गेंदे के फूल को हाथ में लिए माता के चरणों में अर्पित की। कुछ इस अंदाज में प्रतिभागियों ने उनका स्वागत की तैयारियों के बारे में बताया।

### परफॉर्मेंस के दौरान दर्शकों ने एक साथ बोला - 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया'

डुओ की जोड़ी में अक्षरा और निधि छत्तीसगढ़ स्टाइल में परफॉर्मेंस की। दोनों ने एक से दो छत्तीसगढ़ी गानों पर प्रस्तुति दी। लेकिन, तालियों कि आवाज तब सुनाई दी जब रायपुर के गोल बाजार...गाना बजा और दोनों ने एक साथ काला चश्मा लगाते शानदार परफॉर्मेंस दिया। गाना बजते ही लोग भी झूमने लगे और पूरा हॉल तालियों की आवाज से गूंज उठा। सब एक साथ बोले 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया।' कुणाली मोहिते के परफॉर्मेंस दौरान कुछ दिक्कत आई और गाना बंद हो गया, लेकिन जब दूसरा मौका मिला तो पूरे आत्मविश्वास के साथ उसने घर मोरे परदेसिया... गाने में खूबसूरती से सबके बीच अपनी प्रस्तुति दी।

## सिटी लाइव

# एसओएस मोबाइल डिजिटल लर्निंग सेंटर का हुआ शुभारंभ



**रायपुर।** एसओएस चिल्ड्रन्स विलेजेस इंडिया ने असुरक्षित बच्चों और युवाओं के लिए कौशल और डिजिटल शिक्षा की पहुंच का विस्तार करने के लिए एसओएस मोबाइल डिजिटल लर्निंग सेंटर का शुभारंभ किया। यह पहल बड़े डिजिटल स्किलिंग प्रोग्राम का हिस्सा है। जो बच्चों, महिलाओं और युवाओं को डिजिटल लर्निंग के अवसर, कॅरियर मार्गदर्शन व जीवन कौशल के साथ सशक्त बनाएगा। इससे वे आत्मनिर्भरता और रोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। एसओएस चिल्ड्रन्स विलेजेस इंडिया के सीईओ सुमंत कर ने बताया कि यह वाहन रायपुर जिले में यात्रा करेगी और असुरक्षित समुदाय के बच्चों, युवाओं और महिलाओं को इस डिजिटल दुनिया में सशक्त बनाएगी।

### कॅरियर रेडीनेस पर कार्यशालाओं भी होगी

उद्घाटन समारोह में महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़ राज्य, रायपुर के संयुक्त निदेशक नंदलाल चौधरी प्रमुख रूप से मंचस्थ रहे। उन्होंने कहा 'मोबाइल डिजिटल लर्निंग सेंटर से शिक्षा को और अधिक समावेशी, सुलभ और भविष्य-उन्मुख बनाने की दिशा में बेहतर काम होगा। मोबाइल डिजिटल लर्निंग सेंटर कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी और सभी आयु समूहों के लिए डिज़ाइन किए गए इंटरैक्टिव लर्निंग मॉड्यूल से सुसज्जित है। देशभर में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने की दिशा में यह पहल कोडिंग, ऑनलाइन सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता और कॅरियर रेडीनेस पर कार्यशालाओं का आयोजन करेगी। इससे समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

## धर्म लाइव

# सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर कल गायत्री शक्तिपीठ में श्राद्ध कर्म



**रायपुर।** सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या रविवार को है। इस तिथि पर भी पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म किया जाता है। इस साल यह दिन 21 सितंबर को पड़ रहा है। इसमें पितरों की तृप्ति के लिए गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में विशेष अनुष्ठान की तैयारी है। इस दिन किए गए श्राद्ध और तर्पण को अक्षय फलकारी भी माना जाता है। इससे पितरों की आत्मा को तृप्ति मिलती है। इस बारे में जानकारी देते हुए शक्तिपीठ के प्रवक्ता आरके शुक्ला ने बताया कि लोग हर साल शक्तिपीठ में होने वाले आयोजन का हिस्सा बनते हैं। इसे देखते हुए जरूरी सामग्री एवं अनुष्ठान के संचालन के लिहाज से तैयारी जारी है। इस अनुष्ठान में शामिल होने के लिए कई परिवारों ने पहले से शक्तिपीठ को जानकारी दी है।

### सभी को सहयोग देगा आचार्यों का समूह

उन्होंने बताया कि पितरों से आशीर्वाद मिलने से घर में समृद्धि आती है। यह दिन उन लोगों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जिनकी मृत्यु की तिथि ज्ञात नहीं है। किसी कारण से जिनके पितरों का वार्षिक श्राद्ध छूट गया है। ऐसे लोग गायत्री परिवार द्वारा समता कॉलोनी में अनुष्ठान का हिस्सा बनने की सूचना दे सकते हैं। इससे सामूहिक रूप से होने वाले विधान में अज्ञात पितरों का श्राद्ध कर्म कर सकते हैं। एक साथ जितने भी परिजन वहां बैठते हैं। सभी को पिंडदान, पिंड पूजन, तर्पण कराया जाता है। इस बार भी लोगों की सुविधा के लिए आचार्य मौजूद रहेंगे। उनके मार्गदर्शन में ही सभी अनुष्ठान सम्पन्न होंगे।

## लाइव इवेंट

# 11 हजार किलो मिर्च से हवन के लिए पीठाधीश्वर सम्मानित



**रायपुर।** शहर के एक प्रतिष्ठित निजी होटल में आयोजित 'निखरता छत्तीसगढ़ कॉन्क्लेव' में मां मातंगी धाम के पीठाधीश्वर डॉ. प्रेमसाई महाराज को 11 हजार किलो सूखी लाल मिर्च से मां बगलामुखी महायज्ञ का अनुष्ठान करके विश्व कीर्तिमान स्थापित करने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सम्मानित किया। इस आयोजन में प्रदेश की कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद रहीं। छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक धरती ने एक बार फिर अपनी आभा से विश्व को आलोकित किया है। मां मातंगी दिव्य धाम को 26 जनवरी 2025 को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड, लंदन द्वारा विशेष सम्मान से विभूषित किया गया। यह गौरव केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि भारतवर्ष की आत्मा को स्पंदित करने वाला क्षण सिद्ध हुआ था।

### लंदन के संसद भवन में किया जाएगा सम्मान

बताया कि आगामी कुछ महीनों में लंदन स्थित ऐतिहासिक संसद भवन में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन द्वारा महाराज को यह औपचारिक सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर उन्हें विश्व कीर्तिमान का प्रमाण-पत्र भेंट कर उनकी अद्वितीय साधना एवं लोक कल्याणकारी अनुष्ठान की वैश्विक मान्यता अभिव्यक्त की जाएगी। डॉ. प्रेमसाई महाराज ने बताया कि मां मातंगी, दस महाविद्याओं में से नौवीं महाविद्या मानी जाती हैं। रायपुर से 35 किलोमीटर दूर स्थित मां मातंगी धाम में तीन महाविद्याएं मातंगी, बगलामुखी और छिन्नमस्ता विराजमान हैं।

**मुक्ताकाशी मंच पर कवियों ने सजाई कविताओं की महफिल, हास्य और वीर रस की रचनाओं ने बांधा समां**

# ओज और संवेदना से सजा काव्य मंच, शहीदों को श्रद्धांजलि और समाज पर कसे तीखे तंज

छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के उपलक्ष्य में मुक्ताकाशी मंच पर शुक्रवार को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कवियों ने हास्य, वीर और प्रेम पर अपनी रचनाओं की मनमोहक प्रस्तुति दी। देर रात तक चले कार्यक्रम में कवियों की कविता पाठ सुनने दर्शक भी बैठे रहे। इस दौरान कवियों ने भारतीय जवानों की वीरता और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रचनाएं प्रस्तुत कीं। काव्य रस में डूबी यह साहित्यिक प्रस्तुति देर रात तक जारी रही, जिसमें दर्शकों ने पूरे उत्साह और तालियों की गूंज के साथ हर प्रस्तुति का स्वागत किया।









**रायपुर।** बादर तिरबेनी गाथे, चंदा फुंदरा बन नाचे। चंदेनी गजरा साजे, दुख हो या सुख तौपे रहय। ममता महतारी मोर, अन्तक चिन्हारी तोर.., यह अद्भुत पंक्ति गीतकार मीर अली मीर के द्वारा प्रस्तुत की गई। इसमें छत्तीसगढ़ को बेटी स्वरूप स्वीकार, राजिम में प्रवाहित तीन नदियां महानदी, पैरी, और सोंढूर को बेटी के शेष का दर्जा दिया गया है। जिनके संगम में प्रवाहित तीन नदियों के प्राकृतिक सुंदरता का बखान किया जा रहा है, उनके चंदेनी गजरा की तरह शेष के वर्णन भी इस पंक्ति के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में गीतकार मीर अली, गीतकार भरत द्विवेदी, गीतकार शशिभूषण स्नेही, गीतकार अभिषेक पांडे, ओज रस मयंक शर्मा, ओज रस अन्नपूर्णा पवार, ओजरस भव्या सूर्या, श्रृंगार रस प्रभा तिवारी, वीर रस रिक्की बिंदास शामिल हुए।

### आधुनिक भारत की स्थिति और सोशल मीडिया रील पर पढ़ी कविताएं

*कवि सम्मेलन की संगीतमय शाम उस वक्त तालियों से गूंज उठी, जब गीतकार भरत द्विवेदी ने मंच संभाला। उनकी भावपूर्ण पंक्तियों ने ऐसा जादू बिखेरा कि पूरा माहौल मंत्रमुग्ध हो उठा। जिन्होंने शुरुआत आधुनिक दुनिया में भारत की स्थिति और सोशल मीडिया के रिल्स को कविताओं में शामिल किया। उन्होंने कहा, गंदे पानी को गंगा का नीर बताया जाता है, धोखा देने वालों को भी हीर बताया जाता है। मंत्री जी ने पौधे के रोपण का रील बना डाला। समाचार ने पौधे के शोषण का रील बना डाला। भारत में अब कुछ भी हो तो, अब रील बनाया जाता है। इस दौरान हर पंक्ति पर तालियों की गूंज से मंच को जीवंत कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने सभा में ऐसा उत्साह भर दिया, मानो शब्द और संगीत एकाकार हो गए हों।*

### वीर रस से गूंज उठा मंच, रिक्की बिंदास की कविता ने दर्शकों में भरा जोश









कार्यक्रम में उस समय माहौल भावनाओं और गर्व से भर गया, जब मंच पर वीर रस के कवि रिक्की बिंदास ने प्रस्तुति दी। जैसे ही उन्होंने शहीदों की शौर्यगाथा पर आधारित अपनी ओजपूर्ण कविताएं सुनानी शुरू कीं, सभागार में बैठे दर्शकों के रोंगटे खड़े हो गए। कवि ने अपनी रचना के माध्यम से देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले सात लाख से अधिक क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, भारत-चीन युद्ध, पाकिस्तान से संघर्ष, बाघा बॉर्डर और कारगिल युद्ध जैसी ऐतिहासिक घटनाओं को अपनी पंक्तियों में पिरोते हुए, श्रोताओं को भावुक और गर्वित कर दिया। उनकी कविताओं ने भारतीय सेना के शौर्य को उजागर किया। पूरे विश्व में एक छोटा सा ही नाम होते हम, और ये भी हो सकता है कि गुमनाम होते हम, ये ताम-झाम कुछ नहीं गुलाम होते हम। अपने बेटे देकर आजादी ली है, कितनी ही माताओं ने हिन्दुस्तान की।

### रामायण के भाव ने दर्शकों को किया भाव विभोर

कविताओं से सजी शाम का शुभारंभ 17 वर्षीय ओज रस की कवयित्री भव्या सूर्या से हुई। पहली पंक्ति में ही अयोध्या में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के दृश्य को कविताओं के माध्यम से जीवंत प्रस्तुति दी। जहां रामायण के भाव ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। 'राम-राम गा रहे हैं, सारे अवधवासी, राम-राम गा रहे साधु-संन्यासी। सपना साकार हुआ है, जीना अब सार हुआ है। भरत खुशी से झूम रहे, भरत खड़ाऊ चुम रहे। इसके बाद कविताओं का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। दर्शक अपने स्थान पर कविताओं की पंक्तियों का आनंद लेते और वाह-वाह..की प्रशंसा करते नजर आए। कवि सम्मेलन में उपस्थित कवियों का स्वागत भी कविताओं की अद्भुत पंक्तियों के आधार पर किया गया। जहां गए रूह को तू अपने दिल में बसा के तो देख, भूखा है उसे भोजन करा के तो देख, आए अतिथि हैं हमारे बीच में, स्वागत के लिए तालियां बजाकर कर तो देख....यह पंक्ति कवि रामानंद त्रिपाठी ने कही।

# देवलोक की लीला में शेषनाग पर विराजमान माता लक्ष्मी और विष्णुजी के हुए दर्शन

**रायपुर।** अग्रसेन जयंती महोत्सव अग्रवाल सभा द्वारा धूमधाम से मनाई जा रही है। महोत्सव के दूसरे दिन वीआईपी रोड स्थित अग्रसेन धाम में देवलोक सा नजारा देखने को मिला। अग्रवाल सभा के महिला व युवती मंडल के सदस्यों ने देवी-देवताओं के गेटअप में देवलोक की लीला की प्रस्तुति दी। इसमें देवलोक की तरह हूबहू एलईडी स्क्रीन से बैग्राउंड क्रिएट कर और माता लक्ष्मी, विष्णु भगवान बनकर झीर सागर में शेषनाग की शय्या पर विराजमान दिव्य स्वरूप को मंच पर उतारा। देवलोक की लीला देख महोत्सव में उपस्थित दर्शक आश्चर्य व भक्तिभाव से अभिभूत हुए। महोत्सव में पूरे दिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक खेलकूद, गीत-संगीत-नृत्य के आयोजन से प्रतिभागी अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते रहे। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, प्रचार-प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल, प्रमोद जैन ने बताया कि महोत्सव के द्वितीय दिवस महिलाएं, बच्चे सभी ने आपस में मिलजुलकर सामाजिक एकता, कला, संस्कृति, परंपरा, संस्कार और प्रतिभाओं का आदन-प्रदान किया। देवलोक की लीला में दो लोगों की टीम थी, जिसमें एक ने देवी और दूसरे ने देवता का रूप धरा। ऐसा लग रहा था अग्रसेन धाम में साक्षात देवगण उतर आए हो। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, संगठन मंत्री योगी अग्रवाल, प्रचार-प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल, प्रमोद जैन, जयंती प्रभारी आनंद गोयल, शोभायात्रा प्रभारी कैलाश अग्रवाल ने सभी अग्रबंधु से सभी कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।



### किड्स कलाकार डांस प्रतियोगिता में बच्चों ने मचाई धूम

*रामा पेंटिंग, मिनिएचर गार्डन, किड्स कलाकार डांस, मैं तेरी परछाई जैसे कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपनी कला दिखाई। रामा पेंटिंग में प्रतिभागी ने राम नाम का उपयोग करते हुए राम जी की बड़ी ही मनभावक चित्र उकेरी। मिनिएचर गार्डन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पॉट पाई ओरिजनल फ्लोर तैयार किया। यह ऐसा लग रहा था मानो कोई सच का गार्डन हो। किड्स कलाकार डांस प्रतियोगिता में 6 से 12 साल के बच्चों ने आकर्षक वेश-भूषा एवं नृत्य -संगीत की शानदार प्रस्तुति से दर्शकों की तालियां बटोरी। मैं तेरी परछाई में 16 वर्ष से अधिक के प्रतिभागियों ने एक- दूसरे को बिना देखे नृत्य एवं नाटक की मनमोहन प्रस्तुति दी। महोत्सव में शाम को श्याम बाबा के भजन से संपूर्ण अग्रसेन धाम भक्तिमय हो गया।*

### महोत्सव में आज के सांस्कृतिक गतिविधियां



अग्रसेन जयंती के तृतीय दिवस 20 सितंबर को दिनभर योग प्रतियोगिता, टेक मेला, विज्ञान की रंगीन दुनिया, मायाथोलॉजिकल मैराथन का आयोजन होगा। वहीं, शाम 6 बजे से महिला सम्मलेन होगा। इसका उद्घाटन सरोज पांडे दुर्ग, भावना बोहरा विधायक पंडरिया, सरिता बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति में सम्पन्न होगा।



# विद्यार्थियों ने रहीम के दोहों की दी सामूहिक प्रस्तुति

**रायपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह साहित्यिक वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा संत रहीम के दोहों की सामूहिक प्रस्तुति से हुई। सुर और लय से सजे इन दोहों ने श्रोताओं को भक्ति, नैतिकता और भाषा के संस्कार से सराबोर कर दिया। 15 दिनों तक चलने वाले हिंदी पखवाड़े में प्राथमिक विभाग से लेकर उच्च माध्यमिक विभाग तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान काव्य पाठ, पुस्तक प्रदर्शन, हिंदी सुलेख लेखन प्रतियोगिता सहित अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गई थी। इस अवसर पर टकेश्वर साहू ने हिंदी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल अभिव्यक्ति का साधन नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय एकता की जीवनरेखा है। उन्होंने हिंदी दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को याद किया और भारतेंदु हरिश्चंद्र के अमर कथन का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से हिंदी के अधिक प्रयोग और संवर्धन की बातें कही। कार्यक्रम में डॉ. अजय आर्य ने अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत की।

### कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी सम्मानित

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की राजभाषा अधिकारी नीता दास ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। 15 दिनों तक चलने वाले हिंदी पखवाड़े में प्राथमिक विभाग से लेकर उच्च माध्यमिक विभाग तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पुस्तकालय प्रदर्शनी के आयोजन में का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।हिंदी विभाग की ओर से नीता दास, टकेश्वर साहू, सतीश धीवर, डॉ. अजय आर्य, सुभाष पांडे, डॉ. राखी श्रीवास्तव और संजू कुमारी ने कार्यक्रम के आयोजन में अहम भूमिका निभाई।

**नाटक में परिवार की कल्पना बरगद वृक्ष से की**

# बरगद की डालियों जैसा मजबूत परिवार, 'सूखी डाली' से पारिवारिक एकता और परंपरा का दिया संदेश

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** जब मैं अपने परिवार की कल्पना करता हूं, तो मेरे सामने बरगद का महान पेड़ नजर आता है। हम सब इसकी डालियां हैं। डालियों से ही पेड़ है, और डालियां छोटी हो चाहे बड़ी, सब उसकी छाया को बढ़ाती हैं। मैं नहीं चाहता कोई डाली इससे टूटकर अलग हो जाए। यह शब्द परिवार के उस बुजुर्ग का है, जिन्होंने अपने परिवार को बरगद पेड़ के मजबूत जड़ की तरह बांधकर बड़ा किया है। सुप्रसिद्ध 'सूखी डाली' एकांकी की नाट्य रूपांतरण शुक्रवार को किया गया। जिसके माध्यम से परिवार के महत्व का वर्णन किया गया। जहां संयुक्त परिवार में बुजुर्ग की समझदारी और सदस्यों को साथ लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा नजर आई। डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में 'हिंदी पखवाड़ा' के तहत सूखी डाली एकांकी नाटक की प्रस्तुति की गई। इस दौरान महाविद्यालय के 13 छात्रों ने शानदार प्रस्तुति से नाट्क को जीवंत बनाया। हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत हिंदी विभाग की ओर से हिंदी मॉडल प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस दौरान हिंदी में लिखित 12 माह के नाम, हिंदी के सुप्रसिद्ध लेखकों की जीवन गाथा एवं हिंदी साहित्य का जीवन परिचय चरखा में लिखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा थे। नाटक का नेतृत्व कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रीति मिश्रा, अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार जोश ने किया।







### परिवार की जड़ों को बांधकर करने का कार्य घर का बुजुर्ग करता है- सारांश

एकांकी नाटक में परिवार की नई बहू के आधुनिक विचार और संयुक्त परिवार में बड़ों का आदर करने वाले सदस्यों का दृश्य देखने को मिला। जहां एकल परिवार की नई बहू को संयुक्त परिवार के सदस्यों के साथ घुलने-मिलने में समय लगता है। शुरुआती दिनों में परिवार के सदस्यों और नई बहू में सही ढंग से बातचीत न होने के कारण मतभेद बढ़ता जाता है। ऐसे में परिवार के बुजुर्ग दादा जी ने घर के सदस्यों को नई बहू को समझने व संयुक्त परिवार के सदस्यों के साथ ढलने के लिए प्रेरित किया। नाटक के अंत में सहीं देखभाल से बरगद की सूखी डाली पर भी पत्ता लग जाता है, जो नाटक के सारांश को दर्शाता है।

### सूखी डाली एकांकी की नाट्य प्रस्तुति

लगभग 40 मिनट की प्रस्तुति में संयुक्त परिवारों के विघटन पर आधारित सूखी डाली एकांकी की नाट्य प्रस्तुति ने सभागार के प्रत्येक व्यक्ति के मन में एक नई विचार का बीज बोया है। जिसमें संयुक्त परिवार के बड़े बुजुर्गों की सलाह और एकजुट साथ चलने के महत्व को दर्शाया है। कार्यक्रम में कलाकारों के शानदार एक्ट ने सभागार के मंच को अनोखे अंदाज में जीवंत रूप से सजाया और अपनी अद्भुत प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरी हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ कप टी-20 महिला क्रिकेट कल से रायपुर में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीनियर महिला आमंत्रण टी-20 टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ कप 2025 तृतीय संस्करण का आयोजन 21 सितंबर से होने जा रहा है। प्रतियोगिता में कुल 6 टीमें हिस्सा लेंगी। जिनमें छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, विदर्भ, झारखंड, बंगाल एवं तमिलनाडु की महिला टीमें हिस्सा लेंगी। सभी मैच शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में सुबह 9 बजे और दोपहर 1:15 बजे से खेले जायेंगे। इसमें 21 सितंबर रविवार को छत्तीसगढ़ विरुद्ध मध्य प्रदेश और विदर्भ विरुद्ध झारखंड, 22 सितंबर को विदर्भ विरुद्ध तमिलनाडु और झारखंड विरुद्ध बंगाल, 23 सितंबर को छत्तीसगढ़ विरुद्ध तमिलनाडु और बंगाल विरुद्ध मध्य प्रदेश, 24 सितंबर को झारखंड विरुद्ध मध्य प्रदेश और विदर्भ विरुद्ध छत्तीसगढ़, 25 सितंबर को तमिलनाडु विरुद्ध बंगाल, 26 सितंबर को विदर्भ विरुद्ध मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विरुद्ध झारखंड, 27 सितंबर को छत्तीसगढ़ विरुद्ध बंगाल और तमिलनाडु विरुद्ध मध्य प्रदेश, 28 सितंबर को विदर्भ विरुद्ध बंगाल और झारखंड विरुद्ध तमिलनाडु के बीच मुकाबला होगा। इसके बाद 29 सितंबर सोमवार को फाइनल मैच सुबह 9:00 बजे से खेला जाएगा। छत्तीसगढ़ की टीम में भिलाई स्टील प्लांट की कृति गुप्ता कप्तान, रायपुर की अंशी अग्रवाल, बिलासपुर की ऐश्वर्या सिंह, प्रतिज्ञा सिंह, संजीता पटेल, शिवी पांडे और सृष्टि शर्मा, राजनांदगांव की महक नरवसे, नेहा बड़वाईक, भिलाई की शिवानी कृष्णा विकेटकीपर, श्रेया श्रीवास, यीशा भारती देवांगन विकेटकीपर, सरगुजा की उर्मिला हरिना और पेशावर खिलाड़ियों में तरन्नुम पठान, प्रीति यादव तथा अदिति पवार शामिल है।

### शिवम का चयन खेलो इंडिया के असेसमेंट कैम्प के लिए

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के बास्केटबॉल खिलाड़ी शिवम वर्मा का चयन खेलो इंडिया के असेसमेंट कैंप के लिए हुआ है। यह शिविर अहमदाबाद में होगा। शिवम का चयन खेलो इंडिया पटना बिहार के लिए हुआ है। इसमें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों वाली खेलो इंडिया की सर्च कमेटी चयन करती है। शिवम वर्मा बालाजी स्कूल के बास्केटबॉल ग्राउंड में कोच उमेश सिंह ठाकुर के पास नियमित प्रैक्टिस करते हैं।



### विदर्भ ओपन पिक्लबॉल में आरिश ने जीता दोहरा ख़िताब

**रायपुर।** ऑल इंडिया पिक्लबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में नागपुर संघ द्वारा विदर्भ ओपन पिकलबॉल टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के आरिश आगा चौबे को दोहरी सफलता प्राप्त हुई। उन्होंने बॉयज अंडर 14 सिंगल्स के फाइनल में महाराष्ट्र के अर्णव ख़मकर को 21-15 से हराकर सिंगल्स का ख़िताब जीता एवं मिक्स डबल्स फाइनल में आरिश एवं आराध्या की जोड़ी ने जीवांश और आर्या को 21-16 से हराकर ख़िताब जीता। छग पिक्लबॉल के सेकरेट्री रूपेंद्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि आरिश को ऑल इंडिया पिक्लबॉल एसोसिएशन से पूर्ण स्पॉन्सरशिप, कोचिंग एवं ट्रेवलिंग की सुविधा दी जा रहीं है। इससे पूर्व भी आरिश ने डेल्ही ओपन में ख़िताब जीता एवं वियतनाम में एशियन पिक्लबॉल चैम्पियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके है।



### मिताली और विजय ने नेशनल एथलेटिक्स में जीते सिल्वर मेडल




**रायपुर।** सीबीएसई नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप वाराणसी में 9 से 13 सितम्बर के मध्य आयोजित हुआ। जिसमे राजधानी के एनएच गोयल वर्ल्ड स्कुल से हिस्सा लेते हुए अंडर 19 गर्ल्स कैटेगरी में मिताली बिस्वास ने डिस्कस थ्रो में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इसी स्पर्धा के बॉयज़ कैटेगरी में विजय कुमार यादव ने भी रजत पदक जीता। दोनों विजेता खिलाड़ियों ने एसजीएफआई नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप, जो कि हरियाणा में होगा के लिए भी अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। इस खास अवसर पर एनएच गोयल वर्ल्ड स्कुल के स्पोर्ट्स कोर्डिनेटर कपिल चौधरी एवं पुरे स्कूल परिवार ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## भागदौड़ की जिंदगी के बीच इन्हें भी जानना जरूरी

# अचानक घबराहट और चिंता जैसी परेशानी है आम, हार्ट अटैक से मिलते-जुलते होते हैं पैनिक अटैक के लक्षण

आपने भी कई लोगों को पैनिक अटैक की समस्या से परेशान देखा होगा। अचानक घबराहट और चिंता की ये समस्या भय की शारीरिक संवेदनाओं का कारण बनती है। इस स्थिति में दिल की धड़कनों के तेज होने, सांस लेने में तकलीफ होने, चक्कर आने, कंपकंपी और मांसपेशियों में दर्द की दिक्कत हो सकती है। पैनिक अटैक अक्सर अप्रत्याशित रूप से होते हैं और अक्सर किसी बाहरी खतरे से संबंधित नहीं होते हैं। पैनिक अटैक की स्थिति में आपको ऐसा लग सकता है जैसे आप शरीर से नियंत्रण खो रहे हैं या आपको हार्ट अटैक हो रहा है। कई लोगों को अपने जीवनकाल में एक या दो बार पैनिक अटैक हो सकता है हालांकि ज्यादातर मामलों में ये अपने आप ठीक भी हो जाता है। लेकिन अगर आपको बार-बार, अप्रत्याशित रूप से ये समस्या हो रही है तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ से सलाह जरूर ले लेनी चाहिए। कुछ स्थितियों में ये मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम के कारण भी हो सकती है।



### हार्ट अटैक जैसे लक्षण पर, ये अलग समस्या है

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पैनिक अटैक की समस्या में ज्यादातर लक्षण हार्ट अटैक जैसे हो सकते हैं, हालांकि स्थिति का समय पर सही निदान किया जाना आवश्यक माना जाता है। पैनिक अटैक आमतौर पर बिना किसी चेतावनी के अचानक शुरू हो सकता है। पैनिक अटैक कम होने के बाद आप थका हुआ महसूस कर सकते हैं।हार्ट अटैक की ही तरह पैनिक अटैक के कारण भी आपका ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, पसीने की समस्या होने लगती है, मितली और छाती में दर्द का भी अनुभव होता रह सकता है। ऐसे ही लक्षण हार्ट अटैक के भी माने जाते रहे हैं।



### पैनिक अटैक में और क्या होते हैं लक्षण?

पैनिक अटैक के लक्षण आमतौर पर बिना किसी चेतावनी के अचानक शुरू होते हैं। पैनिक अटैक की सबसे गंभीर दिक्कत ये है कि इसमें लोगों को लगता है उन्हें हार्ट अटैक आ रहा है। पैनिक अटैक की स्थिति में आपको कुछ और तरह की दिक्कतें हो सकती हैं, जिसको लेकर सभी लोगों को गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।





## अरोमा योग करने से रहेंगे आप तंदुरुस्त

योग हमारे सेहत के लिए काफी फायदेमंद है। यूं कहें कि रोग आपको निरोग रख सकता है। ये ना सिर्फ शरीर की मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है बल्कि हमारे मन मस्तिष्क को भी शांत रखने में मदद करता है। कुल मिलाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग काफी जरूरी है। योग के अपने-अपने प्रकार हैं। कुछ से आप वाकिफ होंगे तो कुछ के बारे में जानकारी नहीं होगी।

आज हम आपको योग के एक ऐसे फॉर्म के बारे में जानकारी दे रहे हैं जिसके बारे में शायद ही लोगों को मालूमात होगी। हम बात कर रहे हैं अरोमा योग के बारे में। आइए एक्सपर्ट से जानते हैं अरोमा योग के फायदे। इस बारे में पीएसआरआई अस्पताल के कंसल्टेंट साइकेट्रिस्ट परमजीत सिंह जानकारी दे रहे हैं।

### क्या होता है अरोमा योग

अरोमा का साफ मतलब खुशबू होता है,यानी खुशबू या सुगंध के साथ योग करना। ये दो विधियों का संगम है। योग के वक्त अरोमा ऑयल्स या किसी तरह की खुशबू, किसी सुगंधित पौधे के रसों का इस्तेमाल किया जाता है जिससे आपके मानसिक स्थिति को सुधारने में मदद मिलती है।

ये इस योग में लैवेंडर, कैमोमाइल, यूकलिप्टस, रोज, या जो भी सुगंधित तेल, खुशबू आपको पसंद है उसका इस्तेमाल किया जा सकता है। आइए जान लेते हैं इस योग को करने का तरीका क्या है और इससे क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

### कैसे करें अरोमा योग ?

सबसे पहले योग करने के लिए शांत, ठंडी और सुरक्षित जगह का चुनाव करें। यहां आप मैट बिछाकर वज्रासन में बैठ जाएं। अब आप अपना पसंदीदा अरोमा तेल चुने,जैसे लैवेंडर, कैमोमाइल, यूकलिप्टस आप अरोमा तेल को डिफ्यूजर में डाल कर अपने पास रख सकते हैं या फिर तेल की कुछ बूंदें अपने हाथों में लगाएं।

अगर आपके पास तेल नहीं है तो खुशबू वाली मोमबत्ती का इस्तेमाल करें। अब प्राणायाम करें। बैठें और गहरी सांस लेने की कोशिश करें। अब सुगंध के साथ खुद को एक स्थिति में लाने का प्रयास करें। ध्यान के बाद धीरे-धीरे अपनी आंखों को आराम से खोलें। आपको शांति और खुशी ( इन तरीकों से लाइफ में ला सकते हैं खुशियां) का एहसास होगा।

### अरोमा योग के फायदे जानिए ?

अगर आपको मन बेचैन रहता है तो आप इस अभ्यास से अपने मन को एक स्थिर और शांत स्थिति में ले जा सकते हैं जिससे मानसिक (मेंटल हेल्थ को इस ट्रिक से करें मजबूत) चिंता और तनाव कम हो सकता है। इस योग से आपको नींद की समस्या दूर करने में मदद मिल सकती है।

## साइकिल चलाने के कई फायदे और नुकसान,जानिए जरूर

बिगड़ती लाइफस्टाइल मोटापे के साथ-साथ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन रही है। ऐसे में इन समस्याओं से बचाव करने के लिए शरीर में कुछ तरह की एक्टीविटी जरूरी है, ताकि शरीर को स्वस्थ्य रखने में कुछ मदद मिल सके।

ऐसे में साइकिलिंग एक बेहतरीन एक्टिविटी साबित हो सकती है। साइकिलिंग करके खुद के शरीर को एक्टिव और फिट बनाना आसान हो सकता है। वजह यह है कि इसे भी एक तरह की एक्सरसाइज ही माना जाता है। साइकिलिंग के दौरान दिल की धड़कन तेज हो जाती है, जो एक तरह से दिल के स्वास्थ्य के लिए एक्सरसाइज हो सकती है। अध्ययनों के अनुसार,



साइकिल चलाने जैसी गतिविधि से हृदय व रक्त वाहिकाओं से संबंधी (कार्डियोवैस्कुलर) जोखिम कम किया जा सकता है। इस संबंध में शोध में मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों को शामिल किया गया। शोध में पाया गया कि जो लोग कोई काम नहीं करते हैं, उनकी तुलना में साइकिल चलाने जैसी एक्टिविटी में भाग लेने वाले लोगों का हृदय बेहतर तरीके से काम करता है। जो यह दर्शाता है कि साइकिल चलाने के फायदे हमारे दिल की सेहत का ख्याल रख सकते हैं।

अगर कोई वजन प्रबंधन या वजन कम करने के उपाय की तलाश में हैं, तो उनकी भी यह तलाश साइकिलिंग से पूरी हो सकती है। जैसा मौजूदा अध्ययन बताते हैं कि कैलोरी बर्न करने में साइकिल चलाने के फायदे देखे जा सकते हैं, जो वजन घटाने में मदद कर सकते हैं।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

क्लीन किचन
प्योर वेज थाली (पार्सल)
110/-,160/-, 210/-
पार्सल हेतु संपर्क करें :
रायपुर हॉस्टल
पेंशनबाड़ा, पुलिस पब्लिक स्कूल के सामने, रायपुर
✆ 88780 00127, 79998 44943
AC, Non-AC रूम उपलब्ध 24X7
: कॉल करें :
बॉयज़ एवं गर्ल्स पी.जी.
सर्वसुविधायुक्त, शुद्ध शाकाहारी भोजन व नाश्ता
किटी पार्टी, बर्थ डे पार्टी के लिए उपयुक्त
स्टूडेंट्स हेतु मासिक भोजन पर 10%
4 थाली पर 1 थाली FREE (पार्सल)
शुगर फ्री थाली
LOW CALORY
आलू, प्याज, लहसून रहित पौष्टिक एवं शुद्धतापूर्ण हाईजेनिक

नये जमाने की जरूरत
aura astrology
www.astrologywithaura.com
कुण्डली- स्वास्थ्य- चक्र -औरा में एक साथ सुधार
50 सालों में बहुत कुछ बदल गया... नये फार्मूले की जरूरत
रंगों का जीवन में महत्व, जन्म का सही समय नहीं, मिट्टी से संपर्क नहीं, मिलावटी गहने, रत्नों पर सावधानी
राजेश श्रीवास्तव, 11 ए, रवि नगर, पंडरी, रायपुर (छग) 98267 09504, 76929 51173

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar
TEXMO
C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

30 से 50% लेस
IN YOUR HOME
OLD MATTRESS EXCHANGE OFFER
संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी, रायपुर
9827976266, 7987918262

शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्रं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार कय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।

WHERE EVERY RIDE IS A JOYRIDE
DYNAMO Electric Vehicle
Offer Price 45000/-*
0% Down Payment
2 Year Warranty 3 सर्विस फ्री
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध | बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC
जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर,

शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध )। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।

HORIZON OF STARS & PLANETS (ASTRO NUMERO TAROT)
आपकी परेशानियाँ- पैसा, प्रोपर्टी, शादी, नौकरी, स्वास्थ्य, पारिवारिक समस्या, नकारात्मक्ता जैसी सभी परेशानियों का समाधान- कुंडली, अंक ज्योतिष एवं टैरो द्वारा किया जाएगा।
JAYTE B. TAAUNK
Dubey Colony Mowa, Raipur
7354987700, 8349299252

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

# सेवानिवृत्त महिला साइंटिस्ट को डिजिटल अरेस्ट कर 42 लाख ठगे

**तीन करोड़ की मनी लांड्रिंग का भय दिखाकर की ठगी, कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोतवाली थाने में चंडीगढ़ स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ माइक्रोबियल टेक्नॉलाजी की सेवानिवृत्त चीफ साइंटिस्ट ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ डिजिटल अरेस्ट कर 42 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाजों ने सेवानिवृत्त साइंटिस्ट को उनके अकाउंट में तीन करोड़ रुपए मनी लांड्रिंग की रकम का कमीशन 30 लाख रुपए ट्रांसफर होने का झांसा देकर गिरफ्तारी का भय दिखाया और ठगी का शिकार बनाया।

टैगोर नगर तिरुपति अपार्टमेंट निवासी पुष्पा अग्रवाल ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने कॉल किया। कॉल करने वाले ने अपने आपको ट्राई का अधिकारी बताया।

जालसाज ने महिला से कहा कि उनके मोबाइल नंबर से अज्ञात लोगों के पास ब्लैकमेलिंग के लिए कॉल जा रहा है। जालसाज ने महिला को हेल्प करने का झांसा देते हुए उनका कॉल किसी दूसरे को ट्रांसफर कर दिया। महिला का कॉल जिसके पास ट्रांसफर किया गया, उसने अपने आपको दिल्ली पुलिस का अधिकारी होना बताया।



### रकम आरटीजीएस करने के बाद ठगी की जानकारी

जिस जालसाज ने अपने आपको दिल्ली पुलिस का अफसर बताया, उसने पुष्पा को एक व्यक्ति को तीन करोड़ रुपए की मनी लांड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार करने का झांसा दिया। साथ ही जालासाज ने महिला को गिरफ्तार व्यक्ति द्वारा उनके अकाउंट में कमीशन के 30 लाख रुपए ट्रांसफर किए जाने की बात कही। फर्जी पुलिस अफसर ने महिला को मदद करने का झांसा देकर अकाउंट नंबर देते हुए 42 लाख रुपए आरटीजीएस करने के लिए कहा। साथ ही रकम ट्रांसफर करने के बाद महिला को रकम वापस लौटाने आश्वासन दिया। जालसाज के झांसे में आकर महिला ने शुक्रवार को जालसाज के अकाउंट में रकम आरटीजीएस कर दिया। रकम आरटीजीएस करने के बाद महिला को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। इसके बाद पीड़ित महिला कोतवाली में अज्ञात जालसाजों के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराने पहुंचीं।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा और रोजगार में सेतु का कार्य करेगी

# उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम ने कहा- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 नए भारत के निर्माण की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर एवं एनईपी इम्प्लीमेंटेशन सेल द्वारा किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को भारत के भविष्य की दिशा और दशा तय करने वाला एक क्रांतिकारी कदम बताया। यह नीति 21वीं सदी के नए भारत की आधारशिला मानी जा रही है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित, सक्षम और श्रेष्ठ राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि शिक्षा नीति के प्रथम चरण में हम प्रवेश कर चुके हैं और इसे सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। यह नीति केवल ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को नैतिक, मानसिक, भावनात्मक और तकनीकी दृष्टि से भी सशक्त बनाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य उद्देश्य गुणवत्ता, समानता, समावेशिता और सुलभता सुनिश्चित करना है। नीति के तहत पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन, विषयों के बीच समन्वय, और शिक्षक प्रशिक्षण एवं शोध को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया जा रहा है। साथ ही उद्योग और शिक्षा की भागीदारी को प्रोत्साहित कर युवाओं को कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया जाएगा।

■ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



### प्राध्यापकों की कमी दूर करने 700 पदों की स्वीकृति

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि सरकार ने प्राध्यापकों की कमी दूर करने के लिए 700 पदों की स्वीकृति दी है। डिजिटल संसाधन, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और ई-लर्निंग सुविधाओं के विस्तार पर भी कार्य हो रहा है। मातृभाषा और स्थानीय सांस्कृतिक संदर्भों को पाठ्यक्रम में शामिल करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विषयों की कठोर सीमाओं को समाप्त कर लचीलापन प्रदान करने के साथ ही विद्यार्थियों को सीखने की स्वतंत्रता प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित करना। आधुनिक तकनीक और रोजगारपरक शिक्षा को प्रोत्साहन देगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जो समयबद्ध योजना बनाकर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में नीति के प्रावधानों को लागू करने की दिशा में कार्य कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि जीवन परिवर्तन का साधन है। इसका सफल क्रियान्वयन विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ ही उन्हें सृजनशील, सामाजिक रूप से जागरूक और राष्ट्रभक्ति की भावना से परिपूर्ण बनाएगा। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं है, बल्कि जीवन को समझने और संवारने का साधन है। इस नई शिक्षा नीति के माध्यम से आने वाले समय में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और शिक्षा व्यवस्था अधिक समग्र तथा विद्यार्थी-केंद्रित होगी।

### शिक्षा के क्षेत्र में यह ऐतिहासिक बदलाव

इस अवसर पर विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रमुख विशेषताओं पर चर्चा की और शिक्षकों को नई शिक्षा व्यवस्था में उनकी भूमिका के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों एवं शिक्षाविदों को एनईपी के क्रियान्वयन की गहन जानकारी प्रदान करना और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई दृष्टि विकसित करना रहा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। इस नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को विषयों की दीवारों से मुक्त कर विज्ञान, वाणिज्य और कला जैसे क्षेत्रों को एक साथ पढ़ने की स्वतंत्रता देना है। इसके साथ ही उच्च शिक्षा में भागीदारी दर को वर्तमान 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, शोधार्थियों, तथा विभिन्न कॉलेजों से आए शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### सिंगर जस और भानु मिश्रा का आज लाइव परफॉर्मेंस




**रायपुर।** पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के पार्श्व गायक जस अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 20 सितंबर को पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में ओपनिंग स्थानीय आर्टिस्ट कारवां बैंड के भानु मिश्रा करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन लीफ इंटरटेनमेंट एवं द आर्ट क्यूरेटर द्वारा किया जा रहा है। गीत-संगीत की एक शाम सिंगर जस और भानु मिश्रा के नाम कार्यक्रम में शनिवार को नवा रायपुर के एल्सवेयर में लाइव परफॉर्मेंस देने वाले हैं।

### नवरात्रि में अश्लीलता-फूहड़ता पर रोक लगाने सौंपा ज्ञापन



रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल रायपुर के अध्यक्ष सागर कुकरेजा के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नवरात्रि त्योहार के दौरान कुछ गरबा आयोजकों द्वारा की जाने वाली अश्लीलता एवं फूहड़ता के विरुद्ध रोक लगाने की मांग की गई। युवाओं का कहना है कि नवरात्रि एक पवित्र पर्व है, इस दौरान देवी-देवता का अपमान एवं धार्मिक आस्था से खिलवाड़ न हो, इस हेतु अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल ने मांग की है और कहा है कि इस दौरान किसी भी आयोजक द्वारा अश्लीलता एवं फूहड़ता का प्रदर्शन किया गया तो अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल त्वरित कार्यवाही करेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से राहुल वाडिवा, सुरेश वडोदिया, सोनू बघेल, सुजल राजपाल, सुमीत माटा आदि उपस्थित थे।

### संदीप को पीएचडी की उपाधि



**रायपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय मैदान गढ़ी नई दिल्ली ने संदीप कुमार साहू को मानव विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय 'कमार जनजाति में आजीविका के साधन का मानवशास्त्रीय अध्ययन छत्तीसगढ़ राज्य के गरियाबंद जिले के विशेष संदर्भ में रहा। उन्होंने अपना शोध डॉ. मीटू दास (शोध पर्यवेक्षक) एवं प्रो. लक्ष्मी सिन्हा (शोध सह पर्यवेक्षक) के निर्देशन में पूर्ण किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता खेलीबाई साहू, पिता खेलावन राम साहू, परिजनों तथा गुरुजनों एवं साथियों को दिया है।

### सीएम साय ने दिवंगत शांताराम को दी श्रद्धांजलि



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को राजधानी रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित दिवंगत शांताराम सर्राफ की श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्व. सर्राफ के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, दयालदास बघेल, श्याम बिहारी जायसवाल, गजेन्द्र यादव, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी रजवाड़े, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहित भाजपा के कई पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## आंबेडकर अस्पताल में मनाई विश्वकर्मा जयंती



**रायपुर।** आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के लॉन्ड्री विभाग में विश्व शिल्पी विश्वकर्मा भगवान की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अस्पताल के सहायक अधीक्षक डॉ. देव कुमार टंडन ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर सभी को बधाई दी एवं लॉन्ड्री के कार्य सफलतापूर्वक संचालन मे पूर्ण रूप से सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा, राज्य सरकार पौनी पसारी जाति को संरक्षित करने को लेकर गंभीर है, जिसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के साथ समाजजनों का चर्चा का दौर जारी है। इस दौरान सभी ने पीएम नरेंद्र मोदीजी को जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर मेट्रन नंदा रंगारी, डी. अश्लेशम, रश्मि मसीह, अभिलाषा गुजराती, लक्ष्मी सरकार, स्मृति सिंह, रायपुर के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, बिलासपुर के अध्यक्ष दिनेश निर्मलकर, पवन निर्मलकर, प्रदेश महामंत्री रामायण रजक, दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, युवा अध्यक्ष पवन निर्मलकर, नकुल निर्मलकर, शिरीष निर्मलकर, अभय निर्मलकर, प्रदेश महासचिव बजरंगी छाटा, प्रभात सोनछत्र, सुपरवाइजर लव कुमार आदि पदाधिकारियों ने संबोधित किया। अतिथियों ने लॉन्ड्री के दक्ष कारीगरों का सम्मान किया। इस दौरान कर्मचारियों के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किया।

### प्राचीन शनि मंदिर में 22 से मनोकामना ज्योति कलश स्थापना

**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्राचीन शनि मंदिर चूड़ीलाइन सदर बाजार में नवग्रह शांति एवं कष्ट निवारण के लिए मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना सोमवार 22 सितंबर से की जाएगी। पं. गीतेश शर्मा ने बताया कि इस मंदिर में भगवान शनिदेव बाल रूप में विराजमान हैं, यहां बड़ी संख्या में भक्त अपनी मनोकामना लेकर आते हैं।

## मनी लांड्रिंग केस, चैतन्य बघेल की याचिका पर ईडी ने पेश किया जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/बिलासपुर

छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के मनी लॉनड्रिंग मामले में चैतन्य बघेल के खिलाफ हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। ईडी की ओर से अपना जवाब पूरा कर दिया गया है। अब अगली कार्यवाही में दोनों पक्ष लिखित तर्क पेश करेंगे। जस्टिस अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच में चल रही इस याचिका में चैतन्य बघेल ने ईडी की कार्रवाई को चुनौती दी है। ईडी ने उन्हें मनी लॉनड्रिंग मामले में हिरासत में लिया था। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 23 सितंबर तय की है। दरअसल, शराब घोटाला और मनी लॉनड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चैतन्य बघेल को भी आरोपी बनाया है।

■ हिरासत में लेने पर दी गई है चुनौती, 23 सितंबर को अगली सुनवाई

आरोप है कि शराब घोटाले की रकम से चैतन्य को 16.70 करोड़ रुपए मिले हैं। शराब घोटाले से



मिले ब्लैक मनी को रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में इन्वेस्ट किया गया। साथ ही 1000 करोड़ रुपए की हैंडलिंग (हेराफेरी) की गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि, चैतन्य बघेल के विट्ठल ग्रीन प्रोजेक्ट (बघेल डेवलपर्स) में घोटाले के पैसे को इन्वेस्ट किया गया है। इस प्रोजेक्ट से जुड़े अकाउंटेंट के ठिकानों पर छापेमारी कर ईडी ने रिकॉर्ड जब्त किए थे। प्रोजेक्ट के कंसल्टेंट राजेन्द्र जैन ने बताया कि, इस प्रोजेक्ट में वास्तविक खर्च 13-15 करोड़ था। जबकि रिकॉर्ड में 7.14 करोड़ ही दिखाया गया। जब्त डिजिटल डिवाइसेस से पता चला कि, बघेल की कंपनी ने एक ठेकेदार को 4.2 करोड़ कैश पेमेंट किया, जो रिकॉर्ड में नहीं दिखाया गया।

## संस्था चयन का आज अंतिम दिन, एमबीबीएस और बीडीएस में 25 सितंबर से प्रवेश प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मेडिकल एवं डेंटल कॉलेजों की यूजी सीटों पर एडमिशन लेने वालों के लिए संस्था चयन का अंतिम दिन आज शनिवार को है। अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद 25 सितंबर से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी, जो 30 सितंबर तक चलेगी। दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के लिए दोनों पाठ्यक्रमों में 938 सीटें हैं।

■ दूसरे राउंड की काउंसिलिंग, दोनों पाठ्यक्रमों में 938 सीटें

राज्य में प्रथम दौर की काउंसिलिंग 23 अगस्त को पूरी की गई थी। इसके बाद एमसीसी द्वारा अभा. कोटे की काउंसिलिंग के साथ स्टेट कोटे की काउंसिलिंग शेड्यूल पर रोक लगा दिया गया था। पिछले दिनों राज्य में दूसरे दौर में प्रवेश के



लिए ऑनलाइन पंजीयन और संस्था चयन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। शनिवार को विद्यार्थी को च्वाइस फीलिंग करने का अंतिम मौका दिया गया है।

इसके बाद 22 को प्रावीण्य सूची का प्रकाशन होगा। 23-24 को सीटों का आवंटन करने के बाद 25 से 30 सितंबर के बीच स्क्रूटनी और एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। एमबीबीएस की सीटों में 200 का इजाफा होने के बाद राज्य में अभी की स्थिति में दोनों पाठ्यक्रमों में कुल 938 सीटों पर प्रवेश दिया जाना है। दूसरे राउंड की प्रवेश प्रक्रिया होने के बाद मॉपअप राउंड अगले माह के प्रथम सप्ताह में पूरा किया जाएगा। इस प्रवेश के बीच राज्य में मेडिकल पीजी की सीटों पर भी एडमिशन शुरू किया जाएगा। पीजी पाठ्यक्रम के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम काफी समय पहले आ चुका है।

## कलेक्टर गौरव सिंह ने जारी किया नया आदेश

# 34 गांवों में भूमि की खरीदी-बिक्री पर लगी रोक के आदेश में संशोधन

**34 ग्रामों के अन्य खसरा नंबरों को रोक से मुक्त किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खरसिया-नवा रायपुर-परमलकसा रेलवे परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित 278 किलोमीटर लंबी 5वीं एवं 6वीं रेलवे लाइन के निर्माण कार्य के मद्देनजर पूर्व में जिला प्रशासन ने 34 ग्रामों की जमीन पर निर्माण, हस्तांतरण एवं खरीदी-बिक्री पर रोक लगाई थी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) के प्रस्ताव के आधार पर अब इस पुराने आदेश में प्रशासन ने संशोधन किया है। इसके तहत 34 ग्रामों के अन्य खसरा नंबरों को रोक से मुक्त किया गया है।



पूर्व में जारी आदेश के तहत अभनपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले गिरोला, (बेलडीह) बेलभाठा, उरला, बकतरा, अभनपुर, सारखी, कोलर, खोरपा, पलौद, ढोढरा, खट्टी, परसदा तथा गोबरा नवापारा तहसील के अंतर्गत ग्राम खरखराडीह, नवागांव, तर्रा, थनौद, जामगांव तथा खरोरा तहसील के अंतर्गत ग्राम आलेसुर, पचरी, छड़िया, पथराकुण्डी, नहारबीड एवं खरोरा, मांठ, बेलदारसिवनी, बुडेनी तथा तहसील मंदिर हसौद के ग्राम खौली, टिकारी, डिघारी, नारा, रीवा, गुजरा, धमनी, गनौद जैसे ग्रामों के चिन्हित खसरा नंबरों के चारों ओर 150 मीटर की परिधि में स्थित सभी भू-भागों पर क्रय-विक्रय, नामांतरण, बंटवारा, डायवर्सन, निर्माण कार्य एवं अन्य लाभप्रद गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई थी। नए आदेश में इन ग्रामों के अन्य खसरा नंबरों पर पूर्व में लगाई गई रोक हटा ली गई है। यह आदेश छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम 2024 एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर से प्राप्त निर्देशों के अंतर्गत भू-अर्जन प्रक्रियाओं से संबंधित मामलों के अनुपालन में जारी किया गया है।

## बिजनेस साइट

### बीएमसी छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का शुभारंभ, कैंसर उपचार को नई दिशा




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी), नवा रायपुर द्वारा आयोजित तीसरे छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सिर व गर्दन कैंसर का लाइव सर्जिकल डेमोन्स्ट्रेशन किया गया, जिसमें देश-विदेश से विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। कॉन्क्लेव में प्रमुख कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अनिल डी'क्रूज व डॉ. गौरी पंतवैद्य ने सर्जनों को जटिल सर्जिकल तकनीकों की बारीकियों से अवगत कराया। डॉ. डी'क्रूज ने बताया कि थायरॉइड कैंसर के मामले तीन गुना बढ़े हैं और सही इलाज से 99% रोगी पूरी तरह ठीक हो सकते हैं। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य नवाचार का केंद्र बना रहा है। बीएमसी की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि इस तरह की पहल और सहयोग के माध्यम से हम स्थानीय युवा सर्जनों को प्रशिक्षित कर स्थानीय क्षमता का निर्माण कर रहे हैं, जो सबसे प्रभावी तरीका है। कार्यक्रम में 150 से अधिक चिकित्सकों ने भाग लिया और कैंसर के मल्टीडिसिप्लिनरी उपचार पर विचार साझा किए।